जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, शुक्रवार 13 दिसम्बर, 2024

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष

राज्यस्तरीय समारोह
किसान सम्मेलन

मुख्य अतिथि
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

राशि हस्तान्तरण / वितरण

70 लाख किसानों को 700 करोड़ रुपये की किसान सम्मान निधि
3.25 लाख पशुपालकों को 5 रुपये प्रति लीटर की दर से 200 करोड़ रुपये
20,000 गोपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण
15,000 किसानों को सोलर पंप हेतु 300 करोड़ रुपये
15,000 किसानों को फव्वारा एवं ड्रिप के लिए 29 करोड़ रुपये
14,200 किसानों को फार्म पोंड, पाइपलाइन इत्यादि के लिए 96 करोड़ रुपये
10,000 छात्राओं को कृषि में अध्ययन हेतु 22 करोड़ रुपये
8,000 सौर ऊर्जा संयंत्रों के संवेदकों को 80 करोड़ रुपये
5,000 वन मित्रों को सुरक्षा किट
150 पैक्स गोदाम निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपये
100 गौशालाओं को गौ काष्ठ मशीन

शुभारम्भ

- मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना
- 200 नये बल्क मिल्क कूलर्स
- ऊंट संरक्षण और विकास मिशन
- 1 हजार दूध संकलन केन्द्र

दिनांक - 13 दिसम्बर, 2024 स्थान - कायड़, अजमेर समय - प्रातः 11:00 बजे

निभाई जिम्मेदारी - हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## विचार बिन्दु

पराधीन को जिन्दा कहें, तो मुर्दा कौन है। -हितोपदेश

# भारत का भूतकाल तथा उसका उज्जवल भविष्य झूल रहा है, पूजा स्थल ( विशेष प्रावधान ) अधिनियम, 1991 की वैधता पर

देश में सबसे अधिक चर्चा का विषय प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 है। इसे इस लेख में धार्मिक स्थल कानून अथवा पूजा स्थल कानून के नाम से सम्बोधित किया जावेगा। यह कानून सन 1991 में संसद द्वारा पारित किया गया था। उस समय देश के प्राइम मिनिस्टर स्व0 पी.वी. नरसिंह राव थे। इस कानून में यह बतलाया गया है कि दिनांक 15 अगस्त 1947 से पूर्व के बने किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जावेगा। इस कानून के उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध फौजदारी मुकदमा चल सकता है, जिसमें तीन साल की जेल व जुर्माने का प्रावधान है। यह कानून जब बना उस समय बाबरी मस्जिद और अयोध्या का प्रकरण चल रहा था। सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया था कि इस कानून के प्रावधान उक्त केस (अयोध्या केस) पर लागू नहीं होंगे।

इस अधिनियम के अनुसार देश के धार्मिक स्थलों के धार्मिक चरित्र को बनायें रखने और उसको सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। इसके अनुसार 15 अगस्त 1947 को देश में स्थित धार्मिक स्थलों की स्थिति को बनाये रखा जाना है।

यह अधिनियम किसी भी पूजा स्थल को किसी अन्य धार्मिक सम्प्रदाय के पूजा स्थल में बदलने पर रोक लगाता है तथा भविष्य में भी कोई साम्प्रदायिक विवाद न हो इसे रोकता है।

इसका मुख्य उद्देश्य यही था कि जो विवाद लोग भूल चुके हैं उसे पुनः जिन्दा न किया जावे और सामाजिक सदभाव बनाये रखा जावे। किसी ने सच कहा है कि इस अधिनियम का मूल उद्देश्य ''ऐतिहासिक धार्मिक टकराव के मद्देनजर सहनशीलता की एक रेखा खींचने का प्रयास है।''

यह कानून बहुत महत्व का है। इस बात को सुप्रीम कोर्ट ने अपने 9 नवम्बर, 2019 के ऐतिहासिक अयोध्या के विवाद में भी किया है। माननीय न्यायालय ने संवैधानिक महत्व की पुष्टि की है। 2019 के निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हमारा इतिहास ऐसे कृत्यों से भरा हुआ है जिन्हें नैतिक रूप से गलत माना गया है और यह कहा गया है कि समकालीन कानूनी तंत्र को प्राचीन विवादों को निपटाने का साधन नहीं बनाना चाहिये।

कानून जगत में यह कहा जा रहा है सम्भल की दुःखद घटना का कारण सर्वेक्षण का आदेश है। यह आदेश बहुत ही तीव्र गति से पारित हुआ है। निचली अदालत केवल सुप्रीम कोर्ट के पूर्ववर्ती सर्वेक्षण के आदेश की नजीर के अनुसार आदेश दिया है। मूल कानून तो यही है कि जब जहां पूजा स्थल अधिनियम के तहत उपासना का प्रश्न आता है तो यह धार्मिक चरित्र का हो जाता है और ऐसे सम्पत्ति के विवाद सामान्य रूप से दीवानी केस हैं जो उक्त कानून में अपवाद हैं। ज्ञानवापी और मथुरा के ईदगाह के केस में याचिकायें लम्बित हैं पर फिर भी सर्वेक्षण की अनुमति दी है। ज्ञानवापी मामले में न्यायालय ने कहा है कि मुकदमा हिन्दू देवी देवताओं की पूजा का है मस्जिद को मंदिर में तब्दील करने का नहीं है।

सात प्रावधानों का यह कानून बोध गम्य है जिसका अर्थ है कि ''कोई भी व्यक्ति किसी भी धार्मिक सम्प्रदाय या उसके किसी भी वर्ग या किसी अन्य धार्मिक सम्प्रदाय या उसके किसी भी वर्ग के पूजा स्थल में नहीं बदलेगा।''

सम्भल की घटना कोर्ट द्वारा सर्वेक्षण के आदेश के कारण हुई थी। मुस्लिम पक्ष का आरोप है कि याचिका दायर होने के कुछ घण्टों के भीतर एक एडवोकेट को कमिश्नर नियुक्त कर दिया और उसे मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दे दिया और यह भी बिना दूसरे पक्ष को सुने बिना। सिविल जज ने 29 नवम्बर 2024 तक रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था। वादी का कथन है कि यह मामला पूर्ववर्ती मामलों जैसा है।

हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि सम्भल की शाही मस्जिद प्रोटेक्ट मोनूमेण्ट है। सर्वेक्षण के आदेश के विरूद्ध मुस्लिम पक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की और सर्वोच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने यह मानते हुये आदेश दिया कि मामला इलाहाबाद न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का है वहां उचित कार्यवाही करें साथ ही यह भी निर्देशन दे दिया कि निचली अदालत में सर्वेक्षण की रिपोर्ट यदि पेश होती है तो उसे सील कवर में ले लें, किन्तु केस में आगे कोई कार्यवाही न करें। केस में जनवरी 2025 की पेशी है। सरकार ने हिंसा की घटना पर कमीशन भी जांच के लिये गठित कर दिया है।

भारत विविधता का देश है। यहां धार्मिक स्थलों से जुडे कई विवाद हैं। साम्प्रदायिक विवाद/दंगे न हों इसलिये उक्त अधिनियम पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ। कई याचिकायें पेश हो चुकी हैं, जिनमें यह कहा गया है कि यह एक्ट लोगों की समानता, जीने के अधिकार और व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता के आधार पर पूजा के अधिकार को हनन करता है।

कुछ याचिकाओं में चुनौती इस आधार पर भी है कि यह अधिनियम व्यक्ति के न्यायालय में जाकर निवारण पाने के अधिकार को समाप्त करता है। इस प्रकार पूजा अधिनियम की धारा 2, 3 व 4 की संवैधानिकता को संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25 को चुनौती दी है। संविधान की मूल संरचना, प्रस्तावना के विरूद्ध होने के आधार पर तथा वक्फ बोर्ड एक्ट की धारा 107 में दिये गये मुसलमानों व हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिखों के धार्मिक अधिकारों में भेदभाव व विरोध पैदा करता है। ये याचिकायें अश्वनीकुमार एडवोकेट (पिटीशन नं. 1246/2020), देवकीनन्दन ठाकुर, सुब्रह्मण्यम स्वामी आदि ने पेश की है। इनकी सुनवाई 12 दिसम्बर 2024 को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ प्रारम्भ कर रही है।

> **भारत विविधता का देश है। यहां धार्मिक स्थलों से जुडे कई विवाद हैं। साम्प्रदायिक विवाद/दंगे न हों इसलिये उक्त अधिनियम पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ। कई याचिकायें पेश हो चुकी हैं, जिनमें यह कहा गया है कि यह एक्ट लोगों की समानता, जीने के अधिकार और व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता के आधार पर पूजा के अधिकार को हनन करता है।**

राम जन्मभूमि का विवाद तय हो चुका है, किन्तु उस पर यह कानून लागू नहीं था। वर्तमान में वाराणसी ज्ञानवापी व मथुरा स्थित श्रीकृष्ण भूमि विवाद चल रहे हैं। उपरोक्त दोनों जगहों के अतिरिक्त दिल्ली का कुतुबमीनार, आगरा का ताजमहल बदायू कोर्ट में नीलकंठ महादेव जामा मस्जिद का विवाद आदि के मामले हैं। आरोप है कि मुगलकाल में धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जाकर निर्माण कार्य हुआ था। जो धार्मिक नैतिकता का नहीं हो सकता।

संभल जिले की जामा मस्जिद से जुडा विवाद गम्भीर विवाद बनकर पैदा हुआ है। कहा गया है कि यहां पहले श्रीहरि हर मंदिर था। मुस्लिम पक्ष कहता है यह उनकी ऐतिहासिक मस्जिद है।

ज्ञानवापी ने हिन्दू पक्ष को पूजा का अधिकार दिया। जिस पर मुस्लिम पक्ष ने कडी आपत्ति उठाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने Lower कोर्ट के आदेश को सही माना। विवाद चल रहा है।

20 मई 2022 को शीर्ष न्यायालय ने सुनवाई करते हुये कहा था कि पूजा स्थलों की धार्मिक पहचान का निर्धारण करना पूजा स्थलों कानून द्वारा निर्णय नहीं है। अजमेर में जहां ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह स्थित है एक स्थानीय न्यायालय ने दरागाह समिति अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और भरतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किये हैं। याचिका में दरगाह को मंदिर घोषित करने की मांग की गई।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ये विवाद पूर्व सीजेआई जस्टिस चन्द्रचूड के मौखिक ऑबजरवेशन के परिणामस्वरूप हुये हैं जैसा ऊपर अभिव्यक्त किया है। इसके फलस्वरूप कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पूजा स्थल अधिनियम 1991 के प्रति अपनी दृढ प्रतिबद्धता को दोहराया है। सन 1991 के कानून को पूर्णता के साथ लागू किया जावे।

जज का मौखिक आबजरवेशन निर्णय का भाग नहीं होता अतः वह प्रिसीडेन्ट (नजीर) नहीं माना जाता है। जैसा ऊपर कहा है कि धार्मिक स्थल की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय शीघ्र सुनवाई करने जा रहा है। यों बाबरी मस्जिद केस में सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक स्थल एक्ट को वैध माना है ओर सिविल कोर्ट के हस्तक्षेप न करने के प्रावधान को उचित ठहराया है। देश सिक्यूलर (धर्म निरपेक्ष) है और धर्म निरपेक्षता संविधान को बेसिक फीचर है। कुछ दिनों पूर्व दिनांक 6 दिसम्बर 2024 को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नरीमन ने धर्म निरपेक्षता व संविधान विषय पर वार्ता में बाबरी मस्जिद के केस का रेफरेंस देते हुये कहा था कि संवैधानिक पीठ के कोर्ट के हस्तक्षेप निषेध को सही माना था और Tolerence (सहनशीलता) को भारतीय संस्कृति व परम्परा की देन को अपनाने की आशा की थी।

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि धर्म स्थल के धार्मिक स्वरूप की पहिचान वैज्ञानिक सर्वे के आधार पर पहिचानी जा सकती है, इसे नियम मानकर कुछ दावे नीचे की अदालतों में पेश हो रहे हैं जहां विवाद है कि हिन्दू व जैन मन्दिरों को तोड़कर अथवा उनके भगनावशेष पर मस्जिदों का निर्माण किया गया है। फलस्वरूप साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा है। सम्भल में प्रशासन और मुस्लिम समुदाय के बीच का दंगा इसी बाबत हुआ है। अजमेर शरीफ की प्रसिद्ध दरगाह के बाबत कहा गया है कि वह शिव मंदिर के मलबे पर बनाई गई थी। निचली अदालत में सिविल वाद पेश हो चुका है, नोटिस जारी हो चुके हैं।

ऐसा माना जाता है कि देश में 40 हजार मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनी थीं। वर्तमान में यह दिखाई दे रहा है कि शायद देश भर में ऐसे अनेक वाद पेश हो सकते हैं और देश का वातावरण तनावपूर्ण होने वाला है। इस प्रवृत्ति को Hydra Heads बहुविधि बुराई कहा जाता है तो अनेक सिर वाले राक्षस के समान है।

भारत जैसे धर्म प्रधान देश में जहां हिंसक व अहिंसक प्रवृत्ति के लोग रहते हैं जहां भारत का संविधान यह कहता है कि भारत के नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह प्राणी मात्र के प्रति करूणा का भाव रखेगा, वहां एक धर्म में बकरा ईद पर बकरे की बलि दी जाती है। एक ओर शाकाहारी हैं दूसरी ओर मांसाहारी। वहां शान्ति शायद सरकार स्थापित नहीं कर सकती क्योंकि वह निष्पक्ष नहीं हो सकती, पर देश की सुप्रीम कोर्ट देश में शान्ति के दूत का काम कर सकती है।

प्रश्न है ऐतिहासिक गलतियां हुई हैं। मुगलों ने जो प्रारम्भ में देश में अक्रमणकारी बन गये जिन्हें देश के लोगों ने क्रूर आततायी व लुटेरे, अत्याचारी आदि शब्दों से पुकारा है, उन्होंने धर्मान्धता के नशे में भारतीय धर्मावलम्बियों के विशेषकर हिन्दू मंदिरों को तोड़कर अवशेषों पर मस्जिदों का निर्माण किया। इस कार्य को लोग ऐतिहासिक भूल मानते हैं। अतः मंदिर/मस्जिद के विवाद को हल करने का रास्ता आपसी सहमति से निकलना कठिन प्रतीत होता है। अतः सुप्रीम कोर्ट की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। कोर्ट को यह तय करना होगा कि क्या भूतकाल की गलतियों को वर्तमान में ठीक किया जा सकता है अथवा नहीं? हमें सब विवाद भूलकर आगे बढ़ना है।

धार्मिक स्थल कानून यह घोषण करता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक जिस धार्मिक स्थल का जैसे मंदिर, मस्जिद, दरगाह, गुरूद्वारा, चर्च, बौद्ध मठ आदि का जो स्वरूप जिस रूप में था वह नहीं बदला जावेगा। इस विषय में कोई भी कोर्ट दखल नहीं करेगी यानी न्यायालय का अधिकार क्षेत्र निषेध किया है। इसका यह अर्थ होगा कि 1991 का कानून एक प्रकार से हमेशा के लिये स्थायी निषेधाज्ञा है। यहां यह भी प्रश्न उठता है कि क्या धार्मिक स्थल कानून जिसे देश में शान्ति स्थापित करने के प्रयोजन से बनाया था, संविधान के अनुसार भी है या नही? यदि स्टे लगाना सही है, तो सर्वे पर भी रोक लगेगी क्योंकि सर्वे के कारण देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहे हैं। हाँ, यदि यह माना जाता है कि कानून सही नहीं है तो अन्तहीन विवादों में देश घिर जावेगा। ज्ञानवापी प्रबन्ध कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका प्रस्तुत की है ओर उसमें प्रार्थना की है पूजा स्थल एक्ट को यदि असंवैधानिक मान लिया तो देश में सब जगह विवाद खडे हो जावेंगे।

आपसी सहमति से सब कुछ किया जा सकता है। पूर्व जस्टिस नरीमन के विचारों के अनुसार ऊदतीहम की भावना जो हमारी संस्कृति अस्मिता व परम्परा से प्रेरित है, उसके अनुसार समझौता हो सकता है। मुस्लिम समाज को यह स्वीकार करना होगा कि वे मुगल बादशाहों के प्रतिनिधि नहीं हैं, उस समय के हिन्दू व मुसलमान दोनों ही मुगलराज के समय देश के लोग थे, भारतीय थे। आज भी बन्धुत्व की भावना दोनों में जिन्दा है। राम जन्मभूमि के केस की तरह, मस्जिद व मंदिर की अलग-अलग भूमि को चिन्हित करना होगा और जहां तक सम्भव हो मस्जिद को बचाने का प्रयास हो साथ ही मंदिर का जहां तक सम्भव है पुनः उद्धार किया जावे अथवा यह भी हो कि दोनों में से एक को स्वेच्छा से अन्य सीान पर शिफ्ट किया जावे। देश के 40 हजार मंदिर मस्जिद के मामलों में से सम्भवतः हिन्दुओं की मांग केवल तीन मंदिरों तक ही सीमित। शेष विवाद आपसी सद्भाव से समाप्त माने जावेंगे। विशेष पीठ के समक्ष जो मुकदमों की सुनवाई कर रही है ऐसा समझौता हो सकता है। समझौता ऐतिहासिक होगा।

भारत की गंगा जमुनी संस्कृति की जय हो !

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# डॉ. बी. एस. तोमर ग्लोबल नेटवर्क फॉर इनोवेशन ( गुनी ) की स्ट्रैटेजिक काउन्सिल के उपाध्यक्ष बने

- **यूनेस्को के प्रतिष्ठित सहयोगी नेटवर्क का हिस्सा है ग्लोबल यूनिवर्सिटी नेटवर्क फॉर इनोवेशन (गुनी)**
- **निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) बलवीर एस. तोमर ने भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति की जमकर सराहना की**
- **हाल ही में वर्ल्ड हेल्थ समिट के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी चुने गए हैं प्रो. बलबीर सिंह तोमर**



निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. ( डॉ. ) बलवीर एस. तोमर

**जयपुर।** पूरे विश्व में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और बेहतर विकास को बढ़ाने में सहायक यूनेस्को के प्रतिष्ठित सहयोगी नेटवर्क का हिस्सा, ग्लोबल यूनिवर्सिटी नेटवर्क फॉर इनोवेशन की स्ट्रैटेजिक कौंसिल परिषद में निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) बलवीर एस. तोमर को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इतने बड़े संस्थान में उपाध्यक्ष के पद पर उनकी नियुक्ति के रूप में वैश्विक स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। डॉ.तोमर द्वारा लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को विश्वभर में सराहा गया है। उनके अनुभव को देखते हुए ही यह नियुक्ति की गई है। ज्ञात रहे कि पूरे भारतवर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में यह पहली नियुक्ति हैं। यह नियुक्ति न केवल भारत के लिए गर्व का विषय है, बल्कि वैश्विक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और नवाचार के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति को भी दर्शाती है।

गुनी, उच्च शिक्षा को समाज के समग्र विकास से जोड़ने के लिए कार्यरत है, जो विश्वभर के विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों को एक मंच पर लाकर शिक्षा से संबंधित चुनौतियों का समाधान करता है। इस नई भूमिका में प्रो. तोमर का नेतृत्व भारत के साथ-साथ वैश्विक शैक्षिक परिदृश्य को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। गुनी, ग्लोबल नेटवर्क फॉर इनोवेशन, एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो शिक्षा, एवं सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स एवं में नवाचार को प्रोत्साहित करता है। इस नेटवर्क का उद्देश्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान ढूंढने के लिए सरकारों, शैक्षिक संस्थानों, उद्योगों और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाना है। स्ट्रेटेजिक कौंसिल, गुनी का एक प्रमुख अंग है, जो नीति निर्माण, दिशा निर्धारण और दीर्घकालिक योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. तोमर का इस पद पर चयन यह दर्शाता है कि उनके अनुभव और दृष्टिकोण को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है।

**डॉ. बी. एस. तोमर: एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व :-**डॉ. बी. एस. तोमर का नाम शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। उन्होंने निम्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के माध्यम से हजारों छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है। डॉ. तोमर की नेतृत्व क्षमता और उनके द्वारा किए गए अनेक नवाचारों ने निम्स यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई है। उनके प्रयासों के कारण यह संस्थान केवल एक शिक्षा केंद्र नहीं, बल्कि अनुसंधान और नवाचार का गढ़ बन गया है। निम्स यूनिवर्सिटी के नेतृत्वकर्ता के रूप में डॉ. तोमर ने स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में कई नई पहलें की हैं। उनके प्रयासों के कारण निम्स अस्पताल ने लाखों मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की है। इसके साथ ही, निम्स यूनिवर्सिटी ने ऐसे पाठ्यक्रम और शोध कार्यक्रम शुरू किए हैं जो छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाते हैं।

**भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान :-**डॉ. तोमर का गुनी की स्ट्रेटेजिक कौंसिल के उपाध्यक्ष पद पर चयन यह दर्शाता है कि भारत न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि नवाचार और वैश्विक सहयोग में भी एक प्रमुख भूमिका निभाने की ओर अग्रसर है। यह नियुक्ति भारत की शिक्षा नीति 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के उद्देश्यों के साथ भी मेल खाती है, जिसमें नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दी गई है। गुनी के साथ डॉ. तोमर की यह नई भूमिका भारत और अन्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। यह संगठन शिक्षा, और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित करता है।

डॉ. तोमर के नेतृत्व में निम्स यूनिवर्सिटी और गुनी मिलकर कई अंतर्राष्ट्रीय शोध परियोजनाओं पर काम करेंगे। इन परियोजनाओं के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का उपयोग, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँगे।

डॉ. तोमर की इस नई भूमिका के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी। उनका अनुभव और दृष्टिकोण भारत के नवाचार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में मदद करेगा। यह नियुक्ति भारत के युवाओं को प्रेरित करेगी और उन्हें वैश्विक स्तर पर अपने कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

प्रो. (डॉ.) बलवीर एस. तोमर, चेयरमैन, निम्स यूनिवर्सिटी का कहना है कि आज भारत की कहानी पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बना रही है। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसे हमें सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के माध्यम से मजबूत करना होगा। उद्योग और सरकार के बीच सहयोग से हम न केवल नए अवसरों का सृजन करेंगे, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# लाडपुरा से भीलवाड़ा एनएच-758 की 60 किमी दो लेन सड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त

- **सुविधाओं का अभाव, फिर भी दो लेन सड़क पर टोल शुल्क फोरलेन का वसूला जा रहा है**
- **आठ वर्षों में टोल प्लाज़ा पर सड़क निर्माण की लागत से भी अधिक राशि वसूल कर ली गई है**



मांडलगढ़ से भीलवाड़ा एनएच 758 सड़क मार्ग कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ लाडपुरा से भीलवाड़ा तक 60 किलोमीटर सड़क मार्ग विगत 8 साल से नेशनल हाइवे 758 घोषित चला आ रहा है, लेकिन मौक़े पर टू लेन सड़क होने के बावजूद वाहनों से नेशनल हाइवे के नियमों से सड़क का वाहनों से टोल वसूला जा रहा है। गत 8 वर्षों में टोल प्लाज़ा पर सड़क निर्माण की लागत से भी अधिक राशि वसूल कर ली गई है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों की कथित लापरवाही के चलते रखरखाव के अभाव में सड़क दुर्दशा का शिकार हो रही है। नेशनल हाइवे की यह टू लेन सड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त होने से दो साल में सैकड़ों हादसे हो चुके हैं। जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है।

किसान कांग्रेस नेता मुनीर लोहार का कहना है कि लाडपुरा से बीगोद तक तो सड़क बजरी, धूल, कंक्रीट और गन्दगी से अटी पड़ी है। सड़क के दोनों किनारों पर बंबूल की झाड़िया सड़क पर लटकी हुई होने के साथ सड़क की जेबरा लाइनिंग भी मिट चुकी है। त्रिवेणी में सड़क किनारे बने टॉयलेट पर ताले लटके पड़े हैं, सड़क पर अंग्रेजी बबूल, झाड़ियां, लटकी हुई है। बीगोद और होडा के बीच सड़क पर बजरी और धूल-मिट्टी पसरी हुई है। डिवाइडर पर लगी रोड लाइट बन्द ही रहती है। सड़क पर लगे दिशासूचक और गांव शहर के प्रदर्शन बोर्ड झाड़ियों से अटे पड़े हैं। सड़क मार्ग के रखरखाव के लिए एनएचएआई की कोई पेट्रोलिंग नहीं की जाती हैं। एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों के चलते ये सब गम्भीर समस्याएं उतपन्न हुई हैं, जिसका खामियाजा सड़क पर गुजरने वाले वाहनधारी उठा रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर मूंदड़ा ने बताया कि बीगोद कस्बे में सड़क और नाला निर्माण 8 साल से अधूरा पड़ा हुआ है। आबादी क्षेत्र की सड़क सीमा में कई अतिक्रमण और पक्के अवैध निर्माण होने से भी हादसे होने लगे हैं। सफाई के आभाव में सड़क पर बजरी धूल और गन्दगी पसरी हुई है। सड़क का निर्माण विगत 8 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क किनारे नाले के ढक्कन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो जाने से कई बार मवेशी फँस चुके हैं।

लाडपुरा-भीलवाड़ा निर्मित सड़क का निर्माण बीगोद कस्बे में अधूरा होने के बावजूद भी एनएचएआई ने पूर्ण बता दिया और मौक़े पर अधूरे सड़क निर्माण व नाला निर्माण नहीं होने से लोगों के घरों में बारिश का पानी भर जाता है, जिससे कई बार आर्थिक नुकसान भी हुआ है। इस मामले को लेकर तत्कालीन सांसद और जिला प्रशासन ने एनएचएआई के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया। लेकिन समस्या ज्यूँ की त्युं बनी हुई हैं। लाडपुरा, मांडलगढ़, त्रिवेणी, बीगोद के आबादी क्षेत्र में कई जगह पक्के निर्माण बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सड़क संकरी होती जा रही है और आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं कई जगह अघोषित स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। इस मार्ग पर मांडलगढ़ से 5 किलोमीटर पर होड़ा गांव के पास टोल प्लाजा पर वाहन धारियों से नेशनल हाइवे के नियम से टोल वसूली की जा रही हैं, फिर भी सड़क की मरम्मत और सुविधाओं का काम एनएचएआई के अधिकारी नहीं करा पाए हैं।

एनएच के सूत्रों ने बताया कि सड़क के रखरखाव की टेंडर प्रक्रिया एक साल पेंडिंग चली आ रही है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों और यात्रियों को खराब सड़क पर टोल देकर भी परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिसका समाधान जल्द किया जाएगा।

# मसूदा पालिका में कर्मचारियों की कमी, ग्रामीण परेशान

- **मसूदा नगर पालिका तो बन गई, लेकिन उसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है**

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा कस्बे को ग्राम पंचायत से नगर पालिका क्रमोन्नत किए जाने से ग्रामीणों को कस्बे के विकास कार्यों की उम्मीद बनी थी कि इससे कस्बे के विकास में नए आयाम स्थापित होंगे, लेकिन कस्बे में नगर पालिका का अधिकारी पदस्थापित कर दिए जाने एवं दो कार्मिकों को प्रतिनियुक्ति पर दो दिन के लिए कस्बे का कार्य करने के लिए लगा दिए जाने के बाद भी इस नगर पालिका के दरवाजे अधिकांश बंद ही मिलते हैं।

मसूदा नगर पालिका तो बन गई लेकिन उसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य जिसमें नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन लेना, राशन कार्ड से नाम हटाना व जोड़ना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, जन आधार सहित कई कार्य के लिए ग्रामीण चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों का ना तो कोई कार्य हो रहा है और नही ग्रामीणों को कोई जानकारी मिल पा रही है जिससे परेशान होकर ग्रामीण यह कहते नजर आए कि इससे तो ग्राम पंचायत ही ठीक थी जहां आने पर कार्य के संबंध में जानकारी भी मिल जाती थी और कार्य भी हो जाता था। लेकिन अब नगर पालिका बन जाने से ग्रामीणों के कार्य स्थिर हो गए है। कस्बेवासियों को ग्राम पंचायत से नगर पालिका में क्रमोन्नत हो जाने पर कई अपेक्षाएं थीं कि अब नगर पालिका बन जाने के बाद कस्बे में साफ सफाई बिजली सहित उचित यातायात व्यवस्था मिल पाएगी, लेकिन ग्राम पंचायत के नगर पालिका में क्रमोन्नत हो जाने एवं अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपना पदभार भी गत 13 अक्टूबर को ही ग्रहण कर लेने के बाद भी ग्रामीणों को नगर पालिका बनने के अब तक किसी भी प्रकार का कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा है। उल्टा ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संदर्भ में संबंधित अधिशासी अधिकारी रेखा जैसवानी ने बताया कि जन्म-मृत्यु के लिए जयपुर से कोई परेशानी आ रही है जिससे जन्म-मृत्यु का कार्य में विलंब हो रहा है। वहीं नल कनेक्शन के लिए जारी किए जाने वाले अदेय प्रमाण पत्र के संदर्भ में बताया कि पालिका के कनिष्ठ अभियंता द्वारा रोड कटिंग का एस्टीमेट बनाकर दिए जाने के बाद ही नल कनेक्शन के लिए अदेय प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

## राशिफल शुक्रवार 13 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र प्रातः 7:50 तक, शिव योग दिन 11:54 तक, कौलव करण प्रातः 9:04 तक, चन्द्रमा दिन 1:14 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग प्रातः 7:50 से शनिवार प्रातः 5:48 तक है। आज प्रदोष व्रत, कृत्तिका दीपम है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:28 तक, लाभ-अमृत 8:28 से 11:03 तक, शुभ 12:21 से 1:48 तक, चर 4:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:11, सूर्यास्त 5:31



**मेष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**वृष**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव और भागदौड़ से राहत मिलेगी।



**मिथुन**

आर्थिक/वित्तीय और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा।



**कर्क**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी।



**सिंह**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



**कन्या**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में दुर्घटना का भय है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**तुला**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। अपने अति आवश्यक कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।



**वृश्चिक**

स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**

घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय महत्वपूर्ण कार्यों में व्यतीत होगा। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**मकर**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



**कुंभ**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**मीन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 247 प्रभात जालोर, शुक्रवार 13 दिसम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# केजरीवाल के सामने संदीप दीक्षित को उतारेगी कांग्रेस दिल्ली के चुनाव में

## संदीप की मां शीला दीक्षित, पन्द्रह साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं, पर उन्हें हराकर केजरीवाल ने धमाका किया था, तथा आम आदमी पार्टी सत्ता में आई थी

- रेणु मित्तल -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। दिल्ली विधानसभा के चुनावों में नई दिल्ली सीट से संदीप दीक्षित अरविंद केजरीवाल का मुकाबला करेंगे।

संदीप दीक्षित दिल्ली पर 15 साल राज करने वाली शीला दीक्षित के पुत्र हैं। शीला दीक्षित को ही हरा कर अरविन्द केजरीवाल भारी बहुमत से दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए थे।

चूंकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं है इसलिए कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस का एक बड़ा तबका भी ऐसा ही चाहता है।

गुरुवार को हुई कांग्रेस की सैंट्रल इलैक्शन कमेटी बैठक में कांग्रेस ने 21 सीटों पर टिकट फाइनल कर दिए, शेष पर विचार चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव बदली से चुनाव लड़ेंगे।

- जैसा कि विदित ही है आगामी विधानसभा चुनाव में, आप व कांग्रेस में कोई चुनावी गठबंधन या चुनावी समझौता नहीं है, और दोनों पार्टियां आमने-सामने चुनाव लड़ेंगी।
- कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव के लिए इक्कीस उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल भी कर दी है।
- दिल्ली के प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र यादव बदली से चुनाव लड़ेंगे। देवेन्द्र यादव पंजाब के प्रभारी भी हैं।
- अब सवाल यह है कि क्या इन तीनों भूमिकाओं के साथ देवेन्द्र यादव न्याय कर पाएंगे?
- पर, क्या, पार्टी नई नियुक्तियां कर संगठन व पार्टी के रिक्त पद भरने की हिम्मत जुटा पायेगी?

इससे यह सवाल पूछा जा रहा है कि अगर प्रदेश अध्यक्ष खुद चुनाव लड़ेंगे तो पार्टी को कौन देखेगा। रोचक बात यह है कि पी. सी. सी. प्रमुख पंजाब में कांग्रेस के प्रभारी भी हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सिंधिया से माफी मांगी कल्याण बनर्जी ने

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से अपनी टिप्पणी के लिए और दोनों नेताओं के विवाद के कारण लोकसभा स्थगित होने के लिए सदन से भी माफी मांगी।

गुरुवार को सदन की शुरूआत के साथ ही कुछ भाजपा सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि बनर्जी ने लिखित में माफी मांगी है।

- बुधवार को संसद में तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी, जिसके बाद कल सदन स्थगित हो गया था। इसके बाद बनर्जी ने लिखित में माफी मांगी।

बिड़ला ने कहा कि बुधवार को सदन में जो कछ भी हुआ वह दुर्भाग्य पूर्ण था किसी भी सदस्य को दूसरे पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

स्पीकर ने कहा कि मतभेद या सहमति लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# किसी भी तरह के सर्वे, धार्मिक स्थान के "कैरैक्टर" (व्यक्तित्व) को चुनौती देने वाले नये मुकदमें दर्ज नहीं होंगे

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कि जब तक वह 1991 एक्ट की वैधता के बारे में अपना निर्णय नहीं सुनाता, इस मसले पर कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं कराया जा सकता

-जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरूवार को पूरे देश ट्रायल अदालतों को निर्देश दिये कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रॉविज़न्स) एक्ट, 1991 के तहत, मौजूदा ढ़ाचों के विवादास्पद धार्मिक चरित्र से सम्बन्धित केसों में सर्वे तथा प्रभावी आदेश पर रोक लगा दे।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति पी.वी. संजयकुमार तथा के.वी. विश्वनाथन की बैंच ने कहा कि अधिनियम इस प्रकार के मुकदमों तथा कार्यवाहियों का साफतौर पर निषेध करता है।

शीर्ष अदालत ने जोर देते हुये कहा कि जब तक 1991 के अधिनियम की वैधता तय नहीं हो जाती, कोई भी नया केस दायर नहीं हो सकता और न विचाराधीन केसों में अन्तिम आदेश ही दिये जा सकते हैं। बैंच ने आदेश दिया, "चूँकि यह प्रकरण इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है, हम यह निर्णय देना उचित समझते हैं कि कोई नया केस दर्ज नहीं होगा तथा किसी भी कार्यवाही के आदेश नहीं दिये जायेंगे। विचाराधीन प्रकरणों में अदालतें कोई भी प्रभावी या अन्तिम आदेश पारित नहीं करेंगी।"

- सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जब तक 1991 के एक्ट की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय नहीं आता, यह 1991 का एक्ट "सब जुडिस" है, इस मसले पर कोई नया मुकदमा रजिस्टर नहीं किया जा सकता और न ही कोई अधीनस्थ न्यायालय किसी भी प्रकार का निर्णय सुना सकता है।

न्यायिक क्षेत्राधिकार के सरोकारों को सम्बोधित करते हुये, बैंच ने कहा, "जब कोई मामला हमारे पास विचाराधीन है, क्या किसी अन्य अदालत के लिये उसका निरीक्षण परीक्षण करना न्यायोचित एवं उचित है?

1991 का अधिनियम सभी धार्मिक स्थलों की उसी स्थिति को यथावत बनाये रखने के लिये कहता है, जो 15 अगस्त,1947 को थी तथा उनके स्वरूप से सम्बन्धित विवादों पर विचार करने से अदालतों को रोकता है। यह अधिनियम कहता है कि राम जन्मभूमि स्थल, जिसे अधिनियम के प्रावधानों से विशेष रूप से बाहर रखा गया है, के अलावा, सभी विचाराधीन केस समाप्त कर दिये जाये।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 के अपने अयोध्या वाले फैसले में, पहले ही इस अधिनियम की पुष्टि कर दी थी। अदालत ने विवादित स्थल को रामलला को देते हुये, इस बात को दोहराया था कि इसी प्रकार के अन्य विवादों पर,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश की बार एसोसिएशनों के चुनाव आज, मतगणना शनिवार को

जयपुर, 12 दिसम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और दी बार एसोसिएशन सहित, प्रदेश की करीब 230 बार एसोसिएशनों के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हजारों वकील अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए चुनाव संचालन समितियों से सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली हैं।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में 5,716 मतदाता मतदान करेंगे, जबकि दी बार एसोसिएशन,

- सुबह आठ से सायं 5 बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष चुनाव के लिए जगह-जगह सी.सी.टी.वी. कैमरे व स्क्रीन लगाई गई हैं।

जयपुर चुनाव में 4,880 मतदाता और दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में 1831 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव संचालन समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कर्नल ने बताया कि मतदान सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। पांच बजे तक जो भी वकील कतार में होंगे, उनको वोट डालने की अनुमति रहेगी। वहीं, उप चुनाव अधिकारी सारिका चौधरी ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आदर्श क्रेडिट सोसायटी मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी

जयपुर, 12 दिसंबर। ई.डी. मामलों की विशेष अदालत ने आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी मामले में मीनाक्षी मोदी, नेहा मोदी, ललिता राजपुरोहित और विनय के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। वहीं, अदालत ने प्रियंका मोदी के खिलाफ समन जारी कर मुम्बई पुलिस कमिश्नर को तामील कराने के लिए कहा है। ई.डी. ने अपने

- अदालत ने मीनाक्षी मोदी, नेहा मोदी, ललिता राजपुरोहित व विनय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तथा प्रियंका मोदी के खिलाफ सम्मन जारी किया।

शिकायत अभियोजन में इन्हें आरोपी बनाया था।

गौरतलब है कि ई.डी. ने अपनी जांच में 38 सौ करोड़ रुपए से अधिक के अनियमित लेनदेन का पता लगाया था। जांच में सामने आया था कि मुख्य आरोपी मुकेश मोदी ने अपने रिश्तेदारों और सहयोगियों से मिलीभगत कर निवेशकों के खातों से पैसा निकाला और बाद में इंटर लिंक फर्जी लेनदेन के जरिए फर्जी लोन बांट दिए। मामले में ई.डी. करोडों रुपए की संपत्ति को भी अटैच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दे श बि क ने न हीं दें गे'

## संसद में विरोध जताने के अनूठे तरीके निकाले विपक्षी सांसदों ने

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। आज अनेक विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। ये लोग अपने हाथों में हिन्दी के अलग-अलग अक्षर लिखी हुई तख्तियाँ लिये हुये थे, जिन्हें मिलाकर पढ़ने से यह वाक्य बन रहा था-"देश बिकने नहीं देंगे"। विपक्षी सांसद अडानी मुद्दे की जाँच-पड़ताल के लिये संयुक्त संसदीय समिति की अपनी माँग को दोहराते हुये नारे लगा रहे थे।

अडानी मुद्दे को लेकर, कांग्रेस के नेतृत्व में असाधारण रूप से रोजाना चल रहे प्रदर्शनों की श्रंखला में, आज का प्रदर्शन एक नयी कड़ी था।

कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी, द्रमुक तथा वामपंथी दलों सहित, अन्य विपक्षी दलों के सदस्य संविधान सदन के सामने मकर द्वार की सीढ़ियों पर खड़े थे। अधिकांश सांसद हाथों में तख्तियाँ लिये हुये थे, जिन्हें एक साथ पढ़ने पर "देश बिकने नहीं देंगे" नारा बन रहा था।

ये लोग मोदी तथा अडानी के बीच कथित मिली भगत के खिलाफ नारे लगा रहे थे तथा इस मामले में जॉइन्ट पार्लियामेन्ट्री कमेटी (जे.पी.सी.) जाँच की माँग कर रहे थे।

- आज विपक्षी सांसद संसद परिसर में हिन्दी के अलग-अलग अक्षर लिखी हुई तख्तियां लिए हुए नज़र आए, इन पर लिखे शब्दों को एक साथ पढ़ने पर पता चला कि यह वाक्य है "देश बिकने नहीं देंगे।"
- अडानी के खिलाफ जांच की मांग करते हुए विपक्षी सांसदों ने बुधवार को भाजपा सांसदों का अभिवादन किया तथा उन्हें तिरंगे का कार्ड और गुलाब का फूल दिया। जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में प्रवेश किया तो राहुल ने खुद उन्हें गुलाब और तिरंगा दिया।
- इससे पहले मंगलवार को विपक्षी सांसद गहरा नीला "झोला" लेकर आए जिसके एक तरफ मोदी अडानी के रेखाचित्र बने थे व दूसरी ओर लिखा था, मोदी-अडानी भाई-भाई।

बुधवार को, बहुत से विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में भाजपा सांसदों का अभिवादन किया और उन्हे तिरंगा बना हुआ कार्ड तथा गुलाब का फूल दिया। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि अडानी प्रकरण सहित, सभी मुद्दों पर चर्चा हो तथा संसद की कार्यवाही चले।

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जब वे संसद के मुख्य भवन में प्रवेश कर रहे थे, को कार्ड के रूप में तिरंगा भेंट किया।

मंगलवार के दिन, विपक्षी सांसद गहरे नीले रंग का "झोला" लिये हुये थे, जिस पर एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उद्योगपति गौतम अडानी के व्यंग्य-चित्र बने हुये थे तथा दूसरी तरफ "मोदी-अडानी भाई-भाई" लिखा हुआ था।

सोमवार को, इंडिया ब्लॉक के कुछ नेताओं ने अडानी विवाद पर पार्लियामेन्ट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। इसी के साथ, इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने एक मॉक "इन्टरव्यू" आयोजित किया था। इस दौरान, कांग्रेस सदस्य मोदी और अडानी के मास्क पहने हुये थे।

पार्लियामेन्ट परिसर में, अडानी के मुद्दे पर विपक्ष का प्रदर्शन शीतकालीन सत्र के आरम्भ से ही चल रहा है।

अमेरिकन अदालत में अडानी तथा कम्पनी के अन्य अधिकारियों के अभियोग के बाद, कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दल जे.पी.सी. जाँच की माँग करते आ रहे हैं।

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका की अदालत द्वारा अडानी पर लगाया गया अभियोग विभिन्न "घोटालों", जिनमें यह अरबपति व्यवसायी लिप्त है, की जे.पी.सी. जाँच की उसकी (कांग्रेस) की माँग को उचित ठहराता है।

राहुल गांधी ने अडानी की तत्काल गिरफ्तारी की माँग की है। अडानी ग्रुप ने इन सभी आरोपों को "निराधार" बताते हुये, खारिज कर दिया है।

# 'भारत में प्रदूषण से 2009-2019 में 15 लाख मौतें हुई'

## यह दावा करते हुए लैन्सैट प्लैनेटरी हैल्थ जर्नल ने चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत की

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। लैन्सैट प्लैनेटरी हैल्थ जर्नल ने एक भयावह परिदृश्य के बारे में बताया है : भारत में 2009 से 2019 के बीच, हर वर्ष, लंबे समय तक, पी.एम. 2.5 पोल्यूशन के संपर्क में रहने के कारण, लगभग 15 लाख लोग मर चुके हैं।

शोधकर्ताओं, जिनमें अशोका युनिवर्सिटी एवं नई दिल्ली स्थित सैंटर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# एस.आई. भर्ती पेपर लीक मामले में सोलह आरोपियों को जमानत, एक को राहत नहीं

## अदालत ने आरोपियों को एक लाख रुपये के बॉण्ड और 50 हजार रुपये की दो गारंटियों पर जमानत दी है

जयपुर, 12 दिसंबर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में 17 आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। वहीं अदालत ने भर्ती में नकल कराने के आरोपी सुरेश साहू की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए। इस मामले में अभी तक एस.ओ.जी. ने कुल 87 आरोपियों को हिरासत में लिया था, जिसमें से 57 स्वयं को एस.आई.अभ्यर्थी या छात्र बता रहे हैं। इनमें से 10 को 22 नवम्बर को जमानत मिल गई थी और आज अदालत के आदेश के बाद अब तक 26 अभ्यर्थियों को पेपर लीक और नकल बताया जा रहा है कि बचे हुए 31 छात्रों का मामला इसी कैंडिडेट का है।

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उनके मुवक्किल पर आरोप है कि उन्होंने परीक्षा पेपर प्राप्त करने के बाद वॉट्सऐप पर हल करके उन्हें बता दिया था। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि एस.ओ.जी. के आरोप के अनुसार परीक्षा शुरु होने से डेढ़ घंटे पहले ही उनको पेपर समझा देना गैर बाजिब है और इस संदर्भ में कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया है। याचिकाकर्ताओ का कहना था कि उनके सह अभियुक्त करण पाल गोदारा, एकता, मनोहरलाल, सुरेन्द्र कुमार, प्रेम सुखी, अभिषेक विश्नाई, राजेश्वरी, नीरज कुमार और प्रवीण कुमार को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

मामले में स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अनुराग शर्मा ने बताया कि आरोपी विवेक भांबू पहले ही स्व्त: ही जानकारी दे चुका है कि उसका भाई पंकज ने उसे बताया था कि वह उसे परीक्षा के पहले मोबाईल फोन देगा और परीक्षा शुरू होने से पहले फोन पर पेपर सॉल्व करके देगा। उन्होंने कहा कि आरोपी से मोबाईल फोन व कुछ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं जिन्हें एफएसएल को भेजा गया है।

- आज अदालत के आदेश के बाद अब तक 26 अभ्यर्थियों को पेपर लीक और नकल व चीटिंग के मामले में जमानत मिल चुकी है।

उन्होंने बताया कि एक अभियुक्त श्रवण कुमार विश्नोई के पास एक स्लिप भी प्राप्त हुई है जिसमें पेपर खरीदने के लिये 20 लाख रुपये देने की बात की है जिसमें से 10 लाख रुपये जगदीश विश्नोई को उसके फार्म हाउस पर देने की बात लिखी गई है। अनुराग शर्मा ने अदालत को बताया कि एफएसएल रिपोर्ट में यह सिद्ध हुआ है कि लिखावट आरोपी का ही था।

अन्य आरोपियों ने भी पूछताछ के दौरान नकल और पेपर खरीदने की बात मानी थी, और उनसे बरामद दस्तावेजों की जांच में यह बात साबित हो गई है कि इन पर आरोपियों की ही लिखावट है।

अदालत ने कहा कि मामले की पत्रावली को देखने से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं का मामला भी उन अन्य सह आरोपियों के समान है, जिन्हें पूर्व में जमानत मिल चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ताओं को भी जमानत दिया जाना उचित होगा। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता माधव मित्र व एसआर बाजवा ने कहा कि आरोपी लंबे समय से जेल में हैं। मामले में चालान पेश हो चुका है और अन्य कोई अनुसंधान नहीं है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

अदालत ने तथ्यों को सुनने के बाद आरोपी विवेक भांबू, श्रवण कुमार विश्नोई, रेणु कुमारी, नरेश कुमार, अजय विश्नोई, नानगी कुमारी, दिनेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार बगड़िया, दिनेश विश्नोई, मालाराम, सुभाष विश्नाई, प्रियंका कुमारी, राकेश, मंजू देवी, सुरजीत सिंह यादव और गोपीराम जांगू को एक लाख रुपये के बांड और 50 हजार रुपये की दो गारंटियां जिस पर निचली अदालत संतुष्ट हो, पर जमानत दे दी है।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी अध्यापक को सात साल की सजा

## न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि आरोपी अध्यापक ने गुरु-शिष्य के पवित्र संबंध को कलंकित किया है

- पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी टीचर पर 55 हजार का जुर्माना भी लगाया है
- अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 11 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए गए

**अजमेर, (कासं)।** पॉक्सो कोर्ट ने 10 साल की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी अध्यापक को सात साल की सजा सुनाई है। आरोपी टीचर पर 55 हजार का जुर्माना भी लगाया है। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि आरोपी अध्यापक ने गुरु-शिष्य के पवित्र संबंध को कलंकित किया है।

सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया कि गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट संख्या एक के न्यायाधीश राजीव कुमार बिजलानी ने नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी अध्यापक को सात साल की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए गए थे। पीड़िता ने अपने बयानों में बताया था कि जब वह स्कूल गई थी टीचर ने दोपहर में उसे क्लास में बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की थी। सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया कि न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक का रिश्ता बहुत ही संवेदनशील होता है। शिक्षक जो एक गुरु है, जिसे भगवान से ऊपर का दर्जा दिया जाता है। अपने बच्चों को माता-पिता बहुत ही विश्वास के साथ विद्यालय में पढ़ने के भेजते हैं। ताकि उनका बच्चा अच्छे संस्कार अपने गुरु से सीख सके, ऐसे गुरु शिष्य के पवित्र संबंध को अभियुक्त ने कलंकित किया है। माता-पिता के विश्वास को तोड़ा है, यदि नर्मी का रुख अपनाया जाता है, तो उससे समाज में गलत संदेश जाएगा और परिजन अपनी बच्चियों को शिक्षा के मंदिर में भेजने से संकोच करने लगेंगे। ऐसे अपराध के विरुद्ध नरमी का रुख अपनाया जाना न्याय का उचित प्रतीत नहीं होता। अंत कठोर दंड से दंडित किया जाए।

सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया कि जिला ब्यावर के मसूदा थाने में 29 अक्टूबर 2023 को मामला दर्ज हुआ था, जिसमें पीड़ित परिवार ने शिकायत देकर बताया कि उसकी 10 वर्षीय बेटी गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ रही है। 23 अक्टूबर को उसकी पुत्री स्कूल पढ़ने गई तभी स्कूल टीचर ने अपने पास बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ की गई। बेटी घर रोते हुए पहुंची और कहा कि मुझे स्कूल नहीं जाना है, पहुंचने पर उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया था। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र भी पेश किया गया।

## हत्या के पांच साल पुराने मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

- शेष चार आरोपियों को तीन-तीन माह के कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई
- ठंडी पकौडी देने को लेकर अगस्त 2019 में विवाद हो गया था, जिसमें मारपीट में एक युवक की मौत हो गई थी

**झुंझुनूं, (निसं)।** एससी/एसटी कोर्ट ने एक पांच साल पुराने मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास तो शेष चार आरोपियों को तीन-तीन माह के कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट विनोद वर्मा ने बताया कि उदयपुरवाटी थाने में श्रीमाधोपुर के जयरामपुरा निवासी मोतीराम मीणा ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसका बेटा सचिन अपने दोस्तों के साथ कोट बांध घूमने आया, जहां पर रामावतार गुर्जर की दुकान थी। सचिन ने पकौड़ी मांगी तो रामावतार गुर्जर ने उसे ठंडी पकौड़ी देनी चाही। ठंडी पकौड़ी को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद रामावतार गुर्जर व उसके साथ पिंटू गुर्जर, रतनलाल आदि ने उसके बेटे सचिन के साथ बेरहमी के साथ मारपीट की, जिससे सचिन की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों हरजनपुरा थाना थोई निवासी रामावतार गुर्जर, ढाणी गैरोठ तन कोट निवासी मोहनलाल, रतनलाल, फूलचंद और पिंटू गुर्जर को गिरफ्तार किया।

इसके बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। मामले में 18 गवाह प्रस्तुत किए गए। वहीं दोनों पक्षों की ओर से कुल 40 साक्ष्य प्रस्तुत किए। इनमें से मौके के पांच चश्मदीद गवाहों के बयानों को महत्वपूर्ण मानते हुए और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद एससी/एसटी कोर्ट की विशिष्ठ न्यायाधीश सरिता नौशाद ने पिंटू गुर्जर को हत्या का दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया। वहीं फूलचंद, रतनलाल, मोहनलाल तथा रामावतार को भी तीन-तीन माह की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

# 42 लाख रुपये की साइबर ठगी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

## पकड़े गये आरोपी ने नेट बैंकिंग के माध्यम से फरियादी के खाते से ठगी की थी

- पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया

**कोटा, (निसं)।** ऑपरेशन एंटी वायरस के दौरान साइबर अपराधियों के विरूद्ध साइबर थाने की पुलिस टीम ने नेट बैंकिंग के माध्यम से एक फरियादी के खाते से 42 लाख रूपये की साइबर ठगी के मामले में फरार चल रहे तीसरे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि बताया कि 22 अगस्त को फरियादी प्रतीक द्वारा दर्ज करवाये गये 42 लाख की साइबर ठगी के प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व एवं साइबर थाना के थाना अधिकारी सतीशचंद के सुपरविजन में टीम का गठन कर मामले में फरार चल रहे तीसरे शातिर ठग रायसिंह नगर जिला गंगानगर निवासी मनिन्दर सिंह को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी ने नेट बैंकिंग के माध्यम से फरियादी के खाते से ठगी की थी। मामले में सामने आया कि आरोपी ने साइबर ठगी के 28 लाख 71 हजार 787 रूपये अपने बैंक खाते में जमा कराकर अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर फरियादी प्रतीक से ठगी करना पाया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान साइबर ठगी की राशि व घटना में शामिल अन्य साइबर ठगों के मामले में पूछताछ की जायेगी। मामले में पूर्व में दो आरोपी हनुमानगढ़ रोड निवासी रोहित गोयल (32) और विवेकानंद कॉलोनी निवासी हर्षराज (18) को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**यह था मामला :-** फरियादी प्रतीक ने 22 अगस्त को साइबर थाना में एक रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि वह बैगलोंर में प्राइवेट नौकरी करता है और उसका एक बचत खाता एक्सिस बैंक शाखा गुमानपुरा कोटा में है। जिसमें उसकी सैलरी जमा होती है। उस खाते में लगभग 42 लाख रूपये जमा थे। फरियादी ने रिपोर्ट में बताया कि 19 मई को जब उसने अपनी बैंक पास बुक में एंट्री करवाई तो उसे ज्ञात हुआ कि 26 अप्रैल से 10 मई के बीच में 27 ट्रांसजेक्शन हुये, जिसमें 42 लाख 1 हजार 169 रूपये की निकासी हुई है, जो नेट बैंकिंग के माध्यम से हुई है, जबकि उसने उक्त रकम की निकासी नहीं की। फरियादी ने कहा कि उसके खाते से अज्ञात व्यक्तियों से धोखाधड़ी कर रूपये निकाले हैं, जिस पर मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए गये और पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद फरार चल रहे आरोपी मनिन्दर (19) को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के अंदर शादी का झांसा देकर करीब चार साल तक एक युवती का दुष्कर्म करने तथा उसका मोबाइल एवं सोने-चांदी के आभूषण भी हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी के अनुसार झुंझुनूं कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी विक्की पुत्र रामस्वरूप मेघवाल है तथा इस मामले में अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। झुंझुनूं में रहने वाली युवती ने पुलिस को लिखित में बताया कि गत चार वर्ष पहले विक्की से युवती की जान पहचान हो गई। वह चार साल से युवती के साथ शादी का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। अक्टूबर के महीने में शादी से इनकार कर दिया।

उससे पहले युवती का मोबाइल वह सोने-चांदी के जेवरात हड़प लिए थे। युवती विक्की के घर गई तो उसके परिवार वालों ने मारपीट की तथा कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को रिपोर्ट मिलते ही जांच शुरू कर विक्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## स्मैक सहित एक गिरफ्तार

**शाहपुरा, (निसं)।** पुलिस थाना शाहपुरा द्वारा केकड़ी रोड चम्बल चौराहा शाहपुरा पर बिना लाईसेंस व परमीट अवैध मादक पदार्थ स्मैक रख परिवहन करने के मामले में अब्दुल सत्तार उर्फ छोटू देशवाली फुलिया गेट शाहपुरा से अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपी से खरीदने व बेचने वालो के सम्बन्ध में जांच शुरू की। आरोपी की गिरफ्तारी में थानाधिकारी माया बैरवा, हैड कांस्टेबल, बनय सिंह, कांस्टेबल श्रीदेवनारायण, बनवारी लाल कांस्टेबल का विशेष योगदान रहा।

# हाईकोर्ट ने विशेष योग्यजन प्रबोधक के समायोजन आदेश पर रोक लगाई

**जोधपुर, (कासं)।** बीकानेर निवासी मोहनराम ओड की रिट याचिका को अंतरिम रूप से ग्राह्य करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने उसके सात दिसम्बर के समायोजन आदेश पर अंतरिम रोक लगायी है।

बीकानेर निवासी मोहन राम ओड जो 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग कार्मिक है और वर्तमान में वह महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बेलदारों का बास, कोटड़ी जिला बीकानेर में प्रबोधक के पद पर कार्यरत है। प्रबोधक के पद पर उनकी नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् बीकानेर द्वारा 28 सितम्बर 2008 को की गयी। इसके पश्चात वह वर्तमान में इसी पद पर प्रबोधक के रूप में सेवायें दे रहा है। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान बीकानेर के निदेशक द्वारा 14 नवम्बर 2024 को अधिशेष शिक्षकों, कार्मिकों के समयोजन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये। इन दिशा निर्देशों की आड में प्रार्थी को भी अधिशेष घोषित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, प्राथमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा उसका स्थानान्तरण महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बेलदारों का बास, कोटड़ी से राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेघवालों की ढाणी में सात दिसम्बर को आदेश किया गया।

विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर उसने एक रिट याचिका राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के समक्ष अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से प्रस्तुत की। प्रार्थी के अधिवक्ता का उच्च न्यायालय के समक्ष यह तर्क था कि प्रथमतया प्रार्थी एक दिव्यांग कार्मिक के रूप में प्रबोधक के पद पर कार्यरत है व उसकी नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद्, बीकानेर के आदेश से वर्ष 2008 में की गयी थी जबकि आलौचीय आदेश दिनांक 7 दिसम्बर 2024 से उसका समायोजन जिला शिक्षा अधिकारी, प्राथमिक शिक्षा बीकानेर के द्वारा किया गया है जो ना तो प्रार्थी का नियुक्ति अधिकारी है ना ही अनुशासनात्मक अधिकारी हैं। इसके बावजूद भी उसका समायोजन की आड़ में स्थानान्तरण असक्षम अधिकारी द्वारा कर दिया गया जो विधि विरूद्ध है क्योंकि प्रार्थी का नियोक्ता जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, बीकानेर हैं एवं वह ही इसका स्थानान्तरण एवं पदस्थापन कर सकता है। दूसरा यह है कि प्रार्थी 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग कार्मिक है। दिव्यांग कार्मिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिशा निर्देश जारी कर उनके स्थानान्तरण में छूट/प्राथमिकता प्रदान की गयी है। इसके बावजूद भी प्रार्थी का समायोजन की आड़ में स्थानान्तरण उसके निवास स्थान से 60 किलोमीटर दूर किया गया है एवं उसे किसी प्रकार की कोई प्राथमिकता या छूट प्रदान नहीं की गयी है, जो विधि विरूद्ध है।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की एकल पीठ के न्यायाधीश अरूण मोगा ने मोहनराम ओड़ की रिट याचिका को अंतरिम रूप से ग्राह्य करते हुए उसके 7 दिसम्बर समायोजन आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए प्राथमिक शिक्षा विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## "विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत" पर कार्यशाला

**बांसवाड़ा।** जिला मुख्यालय पर स्थित श्री गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय "विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत" विषयक कार्यशाला का आयोजन गुरुवार प्रात: डॉ एस राधाकृष्ण सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के के गुप्ता रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवल करके किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत स्वच्छ भारत के विजन को शत प्रतिशत साकार करने और धरातल पर उतारने का कार्य राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कर रहे है। गुप्ता ने हाल ही में संपन्न राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यशाला में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि हमारे जीवन में स्वच्छता सहित पर्यावरण तथा जल संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण तत्व है।

# वायु सेना के जवान का निधन, नोखा में अंतिम संस्कार किया

- जवान गौरीशंकर खाती का ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया था, चार साल से दिल्ली में थे तैनात

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के नोखा के जवान गौरीशंकर खाती (22) का गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनका दिल्ली में ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया था। जवान गौरीशंकर दिल्ली में वायु सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। ड्यूटी के दौरान ब्रेन हैमरेज होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

गौरीशंकर की दो दिसंबर को सर्जरी हुई थी। तब से बेस अस्पताल में भर्ती थे। गुरुवार शाम को निधन हुआ था। गुरुवार को वायु सेना के दिवंगत सैनिक की पार्थिव देह नोखा लाई गई। जवान की नोखा के जोरावरपुरा में अंतिम यात्रा निकाली गई। सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी, जिसके बाद जवान की पार्थिव देह को भाई संजय और राहुल ने मुखाग्नि दी।

किसान नेता बजरंगलाल गोदारा, सुभाष भाम्भू और रिछपाल फौजी ने बताया कि गौरीशंकर के दो भाई है। एक भाई संजय बीए फाइनल में पढ़ रहा है, वहीं दूसरा भाई राहुल कक्षा 12 में है। गौरीशंकर के पिता जितुराम खाती लकड़ी के कारीगर है। गौरीशंकर का 18 साल की उम्र में वायु सेना में चयन हो गया था, जिसके बाद वह 4 साल से दिल्ली में वायु सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। सैनिक के निधन की खबर से जोरावरपुरा में शोक की लहर छा गई। जवान की अंतिम यात्रा सेना के खुले वाहन में कस्बे के मुख्य स्थानों से निकाली गई। इस दौरान लोग तिरंगा हाथों में लेकर देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। जगह-जगह स्कूलों के बच्चों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। अंतिम यात्रा करणी माता मंदिर जोरावरपुरा नोखा से रवाना हुई, जो वार्ड नंबर 40 से सुजानगढ़ रोड, नवलीगेट, घंटाघर, सदर बाजार, कटला चौक, जैन चौक, महावीर चौक, मालू चौक होते हुए श्मशान घाट पहुंची। जहां पार्थिव देह की अंत्येष्टि की।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर, अमित स्वामी, नायब तहसीलदार गौरव बेताला, सुरेश बिश्नोई, रिछपाल फौजी, सुभाष खारा, बजरंग गोदारा, राधेश्याम बिश्नोई, भगवानाराम भादू, पार्षद जगदीश मांझू, पार्षद देवकिशन चांडक सहित अनेक गणमान्य लोगों व वायु सेना के अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर जवान को सलामी दी। इसके बाद जवान का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया।

## हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों पर हमला

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर के गगन पथ पर कुछ लोगों ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों पर हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान 6-7 बदमाशों ने करीब 15 मिनट तक दोनों को बेरहमी से पीटा। इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में छोड़कर हमलावार मौके से भाग छूटे। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें बनाकर जांच शुरू की गई है। हालांकि गुरुवार सुबह तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है अभी इस मामले में किसी को राउंडअप तो नहीं किया गया है, लेकिन जांच की जा रही है। वारदात शहर में गगनपथ पर हुई। हिस्ट्रीशीटर लक्की पहलवान उर्फ अवतार सिंह पुत्र संतराम और उसका रिश्तेदार मनीष शर्मा पुत्र अजय कुमार बुधवार दोपहर गगन पथ पर आए थे। इसी दौरान करीब 6-7 हमलावारों ने उन्हें बेहरहमी से पीटा। हमलावारों ने उसके हाथ और पांव पर वार किए। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हमलावार करीब 15 मिनट तक दोनों को पीटते रहे। इन हमलावरों ने हथौड़ों से दोनों पर हमला कर दिया। लोग वारदात का वीडियो बनाते रहे। आरोपियों के भाग जाने के बाद सामने स्थित बैंक के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी।

## अब और सुगम हुई रूफ टॉप सोलर कनेक्शन की प्रक्रिया

- इंस्टालेशन के बाद आवेदक को बिजली बिल के साथ ही देने होंगे अब सभी शुल्क

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम ने पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना में रूफ टॉप कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों के लिए प्रक्रिया को और सुगम बनाया है। डिस्कॉम्स अध्यक्ष आरती डोगरा ने बताया कि इसके अन्तर्गत योजना में आगामी माह से सोलर कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों से डिमांड नोटिस की राशि अब अगले बिजली बिल के साथ ली जाएगी। इसका लाभ अधिकतम 10 किलोवाट भार तक का रूफ टॉप सोलर कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों को ही मिल सकेगा।

रूफ टॉप सोलर के लिए कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों को आवेदन से लेकर इंस्टालेशन तक अलग-अलग प्रकार के शुल्क जमा कराने होते हैं। ऐसे में योजना को गति देने तथा रूफ टॉप लगाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जयपुर डिस्कॉम ने इस प्रक्रिया में लगने वाले सभी शुल्क अब रूफ टॉप स्थापित होने के बाद घरेलू बिजली बिल के साथ लिए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। पीएम सूर्य घर योजना में रूफ टॉप सोलर कनेक्शन के काम को त्वरित एवं सुगम बनाने के लिए जयपुर डिस्कॉम ने मानक संचालन प्रक्रिया जारी की हुई है। जिसमें आवेदकों तथा वेंडर्स के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को कम करने के साथ ही डिस्कॉम के स्तर पर किए जाने वाले कार्यो को ऑनलाइन किया जा रहा है।

## सर्दी के तेवर तीखे

**निवाई, (निसं)।** उपखण्ड सहित शहर में तेज सर्दी होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दिनभर लोग तेज सर्दी के चलते घरों से बाहर नहीं निकले। सुबह 11 बजे तक रक्तांचल पर्वत कोहरे में छिपा रहा एवं शीतलहर से लोग कंपकंपा उठे। कोहरे की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालक भी लाईटे जलाकर सफर करते हुए नजर आए।


**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF POLICE RAJ JAIPUR**

N-11()PS/SAMGRI/Auction/2024-25/12741 DATED-6.12.2024

**AUCTION-NOTICE**

Auction Notice of estimated value INR 1,01,67,529/- are invited from interested bidders up to 07.01.2025 at 02.00 pm for IT Equipment & dt. 08.01.2025 at 11.00am for Furniture Equipment & dt. 09.01.2025 at 12.00 pm for Any Other Equipment. Other particulars of the Notice may be visited on the portal https://www.police.rajasthan. gov.in.

Addl. Supdt. of Police
(Leave Reserve)
Planning and Welfare Raj. Jaipur

DIPR/C/12659/2024



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त बारां**

क्रमांक-2673 दिनांक-06.12.2024

**निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों/पुलिया की स्थाई मरम्मत हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त बारां

DIPR/C/12628/2024


# राज्य में "पीएम कुसुम योजना" को मिल रही गति

- योजना के कंपोंनेंट-सी के अन्तर्गत बहरोड़-कोटपूतली जिले के बानसूर सब डिवीजन क्षेत्र में एक साथ दो सोलर प्लांट स्थापित किए गए
- दो माह में जयपुर विद्युत वितरण निगम में कुसुम योजना के कंपोनेंट-सी के अन्तर्गत 42 मेगावाट क्षमता के 15 प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं



राज्य में "पीएम कुसुम योजना" को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति मिल रही है।

**जयपुर।** राज्य में "पीएम कुसुम योजना" को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति मिल रही है। योजना के कंपोंनेंट-सी के अन्तर्गत गुरूवार को बहरोड़-कोटपूतली जिले के बानसूर सब डिवीजन क्षेत्र में एक साथ दो सोलर प्लांट स्थापित किए गए। कुल 5.26 मेगावाट क्षमता के इन दोनों प्लांटों से बालावास तथा भूपसेड़ा ग्रिड सब स्टेशन से जुड़े 547 किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली सुलभ हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि बीते करीब दो माह में जयपुर विद्युत वितरण निगम में कुसुम योजना के कंपोनेंट-सी के अन्तर्गत कुल 42 मेगावाट क्षमता के 15 प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें कोटपूतली सर्किल में सर्वाधिक सात, भिवाड़ी वृत्त में पांच तथा जयपुर जिला उत्तर, जयपुर जिला दक्षिण एवं झालावाड़ वृत्त क्षेत्र में एक-एक सौर ऊर्जा संयंत्रों से बिजली उत्पादन प्रारंभ किया गया है। कंपोनेंट-सी के अन्तर्गत जयपुर डिस्कॉम में अब तक 52.63 मेगावाट क्षमता के कुल 20 सोलर प्लांट स्थापित हो चुके हैं, जिनसे 5575 किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो रही है। वहीं अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम को मिलाकर तीनों डिस्कॉम में 80.89 मेगावाट क्षमता के कुल 31 प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे 7813 किसानों का खेती के लिए दिन में बिजली का सपना साकार हुआ है।

उल्लेखनीय है कि योजना में अवार्ड जारी करने के बाद पावर परचेज एग्रीमेंट फाइनल करने, ट्रांसमिशन लाइन तथा मीटर लगाने सहित अन्य आवश्यक स्वीकृतियों के काम निर्धारित समयावधि में किए जा रहे हैं। कुसुम योजना को गति देने के लिए करीब डेढ़ माह पूर्व मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने की पहल की गई है। इसके तहत कंपोनेंट ए एवं सी के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए डिस्कॉम स्तर पर आवेदनों का सुव्यवस्थित एवं त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सोलर पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली सौर बिजली की निकासी के लिए 11 केवी एवं 33 केवी लाइन के अनुमोदन, प्लांट के लिए प्रस्तावित भूमि से एलटी, 11 केवी एवं 33 केवी लाइनों को जोड़ने आदि प्रक्रियाओं के लिए विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए अभियंताओं के स्तर पर समय सीमा का निर्धारण किया गया है। इस एसओपी के माध्यम से सोलर संयंत्रों को स्थापित करने की राह आसान हो रही है। साथ ही सोलर पावर जेनरेटर्स की समस्याओं को भी दूर किया गया है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, दूनी, जिला - टोंक (राज.)**

क्रमांक/न.पा.दू./विकास/ई निविदा/2024-25/1038 दिनांक : 10.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या (06/2024-25)**

नगरपालिका दूनी (टोंक) द्वारा नगर निकाय दूनी एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा दिनांक 13.12.2024 को प्रातः 9.00 बजे से 23.12.2024 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित राषि दिनांक 24.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक जरिये डी.डी. नगरपालिका कार्यालय में जमा करवानी होगी। । तकनीकी बिड दिनांक 24.12.2024 को दोपहर 02.00 बजे बाद एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 10 कार्य की कुल लागत 110.58 लाख है।

NIB Code – DLB2425A4314

UBN Code - DLB2425WSOB13193, DLB2425WSOB13194, DLB2425WSOB13195, DLB2425WSOB13196, DLB2425WSOB13197, DLB2425WSOB13198, DLB2425WSOB13199, DLB2425WSOB13200, DLB2425WSOB13201, DLB2425WSOB13202

अध्यक्ष
नगरपालिका दूनी

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका दूनी

राज.संवाद/सी/24/9000

## सार-समाचार

### चोरों ने चार कमरों के पांच ताले तोडे

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित खोखरिया के आदर्श नगर में एक साथ दो घरों में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। चार कमरों में पांच ताले टूटे है। पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस बारे में दो अलग अलग प्रकरण पुलिस में दर्ज कराए गए है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि खोखरिया स्थित आदर्श नगर में रहने वाली शालिनी जैन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 10 दिसम्बर की शाम को उसके पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर बाद में उसका पुत्र हॉस्टल से लौटा और वहां की वीडियोठााफी कर बताया। रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने घर में चार कमरों के पांच ताले तोड़े है। सारा सामान बिखरने के बाद वहां से सोने चांदी के आभूषण और 60 हजार की नगदी ले गए। चोर घर से सोने का मंगलसूत्र, इयररिंग, मोती की इयररिंग, पेडेंट, चेन, चूडिय़ों के साथ चांदी क ी चार गिलास, छह कटोरियां, पूजा के मंदिर से भगवान गणेश की मूर्ति, 20-25 चांदी के सिक्कें, बच्चों के छड़े और 10, 20, 50 एवं 100 रूपयों की गड्डियां जोकि तकरीबन 60 हजार रूपए है वह सब ले गए। पास में ही शुभम पुत्र सुरेंद्र सिंह सैन का मकान भी आया है, जहां पर भी चोरों ने सैंध लगाई है। यहां से काफी सामान चुराया गया। शुभम की तरफ से भी बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई। जांच एएसआई सुभाष की तरफ से की जा रही है।

### रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन हुआ

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर रन फॉर विकसित राजस्थान दौड के साथ राज्य सरकार के कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में गुरुवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी समेत चिकित्सा विभाग के कार्मिक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन के दौरान उपस्थित कार्मिकों ने राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल एवं जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान जिले के 92 नव कार्मिकों को नियुक्ति पत्र जारी किये गये। जिसमें 65 चिकित्सा विभाग के साथ 28 अन्य विभागों नव कार्मिक शामिल है।

### वेतन नहीं मिलने पर प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मथुरादास माथुर अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मियों को गत दो महिनों से वेतन नहीं मिला है। बकाया वेतन की मांग को लेकर ये ठेका कर्मी आज कार्य बहिष्कार कर अस्पताल के बाहर आ गए और यहां धरना-प्रदर्शन किया। बाद में अस्पताल प्रशासन की समझाइश पर वह काम पर लौटे। ठेका कर्मियों ने बताया कि उनका अक्टूबर और नवंबर दो माह का वेतन बकाया है। ठेका फर्म राजदीप इंटरप्राइजेज गुजरात के अधीन वह कार्यरत है। फर्म ने दो माह से वेतन नहीं दिया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार ठेका कंपनी के साथ ही अस्पताल प्रशासन को भी इस संबंध में निवेदन किया गया लेकिन उनके वेतन का भुगतान नहीं हुआ। इस पर आज से सभी हड़ताल पर चले गए। उन्होंने कार्य बहिष्कार कर दिया। इससे अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्थाएं चरमरा गई। हड़ताली ठेका कर्मियों ने प्रशासनिक खंड के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। बाद में अस्पताल प्रशासन व ठेका कंपनी की ओर से समझाइश कर वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया।

### किसानों के आदान अनुदान बिल जमा

**बालोतरा**, (निसं)। प्राकृतिक आपदा सूखा खरीफ फसल संवत् 2080 में सूखे से प्रभावित राजस्व ग्राम जिनमें 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबा वाले जिले की पांच तहसीलों के 73 हजार से अधिक किसानों का 79.97 करोड का आदान अनुदान बिल कोष कार्यालय में जमा करवाया। कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि खरीफ फसल संवत् 2080 में सूखे से प्रभावित जिले की पांच तहसीलों के 73,189 किसानों का 79.97 करोड रूपये का आदान अनुदान सहायता राशि का बिल पारित कर उनके खातों में जमा के लिए कोष कार्यालय भिजवाया। जिसमें जिले की गिडा तहसील के 26,100 किसानों का 32.27 करोड, बायतु तहसील से 15,290 किसानों का 19.45 करोड, कल्याणपुर तहसील के 18,443 किसानों के 22.24 करोड़, सिवाना तहसील के 5,910 किसानों के 23.22 करोड एवं समदडी तहसील के 7,446 किसानों के 36.83 करोड की आदान अनुदान सहायता राशि का समेत जिले के कुल 73,189 किसानों के कुल 79.97 करोड की सहायता राशि का बिल पारित कर उनके खातों में जमा के लिए कोष कार्यालय भिजवाया गया।

### धोरीमन्ना में मरीज परेशान

**धोरीमना**, (कासं)। धोरीमना के जिला उप अस्पताल में चिकित्सकों के समय पर नही बैठने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। धोरीमना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मौसमी बीमारियों को लेकर सरकारी जिला उपअस्पताल को देखते हुए मरीजों की संख्या आए दिन बढती जा रही है। हर समय भीड का जमावडा रहता है। दूसरी तरफ डॉक्टरों की संख्या कम होने के कारण मरीज परेशान है। मरीज ने बताया कि समय पूर्वक डॉक्टर अपनी ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। वही नर्सिंग स्टाफ अपना टाइम पास करते हैं, एक दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी थोप देते हैं। समय पूर्व डॉक्टर मिलते ही नहीं है,और मरीज के साथ भेदभाव किया जाता है। हर रोज मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है तथा घंटे तक मरीजों को इंतजार करना पड रहा है। मरीज का आरोप है कि हॉस्पिटल का मैनेजमेंट सही तरीके से नहीं हो रहा है, अपनी मनमर्जी से आते-जाते हैं। गरीब वर्ग के ग्रामीण परेशान है। इसी समस्याओं को लेकर उपअस्पताल के इंचार्ज डॉ.अशोक बिश्नोई से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं सरकारी कामों में व्यस्त हूं।

### चित्रकला एवं निबंध के विजेता सम्मानित

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित पंच गौरव कार्यक्रम के तहत गुरूवार को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत ने चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ चित्रकारी करने पर दीपेश सुथार, उन्नति सुथार, राजन परमार, हिमानी वैष्णव व रूख्सव बानू को तथा निबंध प्रतियोगिता में गरिमा चौधरी, रूद्राक्ष, यशपाल सिंह, इशान दवे व आफताब आलम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पंच गौरव के तहत विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सुन्धा माता, ग्रेनाइट, अनार, जाल का वृक्ष व बॉक्सिंग के मॉडल का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर उप प्राचार्य इन्द्रा दहिया, अध्यापक विमला पुरी, शैलजा माथुर, नरेश, उदाराम सुथार व धीरेन्द्र प्रजापत उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। बालेसर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई वहीं उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राम सिंह नगर मेरिया निवासी टीकम राम पुत्र मूलाराम प्रजापत ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उनका बड़ा भाई जबराराम (37) एवं उनका पुत्र पंकज (10) दोनों गांव से बेलवा जा रहे थे। बस्तवा माताजी गांव क्षेत्र में झुंझारजी का थान के पास सामने से आए ट्रैक्टर चालक विनोद पुरी पुत्र गंगा पुरी ने तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बाइक क्षितठास्त हो गई और चालक जबराराम एवं उनके पुत्र पंकज दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बालेसर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान जबराराम प्रजापत की मौत हो गई। पुलिस ने बालेसर अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करने के बाद परिजनों को शव सुपुर्द किया।

### पॉक्सो में दंडित बंदी पैरोल से नहीं लौटा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार से पैरोल पर गया पॉक्सो का दंडित बंदी वापिस जेल पर नहीं लौटा। उसे 10 दिसंबर को वापिस आना था, मगर नहीं आया। इस पर उसकी फरारी की रिपोर्ट जेल प्रशासन की तरफ से दर्ज कराई गई है, जिसकी तलाश की जा रही है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि पाली जिले के रायपुर क्षेत्र के रहने वाले दिनेश पुत्र रतनलाल को पाली जिला कोर्ट द्वारा पॉक्सो में सजा हो रखी थी।

# 25 वां जोधपुर पोलो-2024 में इंडियन नेवी व बेदला जीते

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा में चल रहे 25 वें जोधपुर पोलो सीजन 2024 में गुरुवार से शुरु हुए एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (6 गोल) टूर्नामेंट में पहले दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच दोपहर 2 बजे वी पोलो व इण्डियन नेवी के बीच खेला गया जिसमें इण्डियन नेवी ने सात के मुकाबले आठ गोल कर एक गोल के अन्तर से जीत दर्ज की। वही दूसरा मैच दोपहर 3 बजे जोधपुर व बेदला पोलो टीमों के बीच खेला गया जिसमें बेदला पोलो टीम ने जोधपुर को सात के मुकाबले आठ गोल कर एक गोल के अन्तर से मैच जीता।

आज के दोनों ही मैचों में विजेता टीमों ने आठ-आठ गोल किए व जीत का अन्तर भी एक गोल का ही रहा। आज के दोनों ही मैचों में जोधपुर पोलो के संरक्षण गजसिंह की उपस्थिति रही। मैदान में उपस्थित मेहरानगढ बैण्ड ने मैच से पूर्व मार्चपास्ट किया व मैच के मध्य अपनी सुमधुर धुनों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि पहले मैच में वी पोलो टीम के छह हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के खिलाडी सेंटियागो माराम्बियो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल पांच गोल किए। सेंटियागो ने पहले, दूसरे व चैथे चक्कर में एक-एक गोल व तीसरे चक्कर में दो गोल किए। साथी खिलाडी दो हैण्डीकेप के हूर अली ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। मुकाबले में इण्डियन नेवी की ओर से खेलते हुए अर्जेन्टीना के ही पांच हैण्डीकेप के खिलाडी डेनियल ओटामेंडी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरे व चैथे चक्कर में दो-दो गोल करते हुए टीम को मैच में बनाये रखा। साथी खिलाडी दो हैण्डीकेप के धु वपाल गोदारा ने पहले व चैथे चक्कर में एक-एक गोल व कैप्टन ए.पी. सिंह ने पहले व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया।



एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप ( 6 गोल ) टूर्नामेंट के पहले दिन दो मैच हुए।

उन्होंने बताया कि दूसरे मैच में जोधपुर टीम की ओर से दो हैण्डीकेप के खिलाड़ी अंगद कलान ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चैथे चक्कर में दो गोल कर टीम को बढत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। साथी खिलाडी चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के गोंजालो येंजोन ने दूसरे चक्कर में एक गोल व धनन्जयसिंह राठौड ने तीसरे चक्कर में एक गोल तथा योगेश्वरसिंह भांवरी ने दूसरे चक्कर में एक गोल किया। मुकाबले में बेदला पोलो टीम के तीन हैण्डीकेप खिलाडी सिद्धांत शर्मा ने विपक्षी टीम के विरुद्ध अकेले संघर्ष करते हुए कुल छह गोल किए और टीम को जिताने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया।

सिद्धांत ने पहले व चैथे चक्कर में दो-दो गोल व दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। साथी खिलाडी चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के ही खिलाडी फेड्रिको बुडू ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्क्रोटीचीनी व उदय कलान थे। पहले मैच के रैफरी सिद्धांत शर्मा व दूसरे मैच के धु वपाल गोदारा रहे।

पहले मैच की कांमेट्री राजवी शैलेन्द्र सिंह व दूसरे मैच की कांमेन्ट्री अंकुर मिश्रा ने की।

# विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी संपन्न

**जोधपुर/जालोर**, (कासं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर द्वारा राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज के खेल मैदान में पांच दिवसीय विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी गुरुवार को संपन्न हुई।

इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में डाक विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, नगर निगम, आयुर्वेद विभाग, जिला अग्रणी बैंक, कृषि विभाग, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलायी जा रही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने मे योगदान दिया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक रामेश्वर मीणा ने बताया कि मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधानमंत्री गति शक्ति, जल जीवन मिशन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 1.0 एवं 2.0, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मानधन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुफ्त योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया, मिशन लाईफ, स्किल इंडिया सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर पैनल एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई। मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में युवाओ और आमजन के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया। जिससे जरूरतमंद को लाभ मिल सके। समापन समारोह में यूनियन बैंक के प्रबंधक जसवंत मातृवा एवं योगेश मूंदडा ने सामाजिक सुरक्षा व बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक दिनेश कुमार गौड ने तकनीकी प्रशिक्षणों की जानकारी दी। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रिंस व्यास ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये।

समापन समारोह में प्रतिभागियों के बीच अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसके विजेताओं को अतिथियों द्वारा विभाग की ओर से पुरस्कार प्रदान किये गए। प्रदर्शनी मे भाग लेने वाले विभिन्न विभागों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में केंद्रीय संचार ब्यूरो के संजय बुलचंदानी, रवि कुमार योगी, प्रेम सिंह सहित विभिन्न विभागों, संस्थानों, छात्र-छात्राओं, जोधपुर शहर की महिला कार्यकर्ताओं, राजकीय नर्सिंग कॉलेज, महिला आईटीआई, एएनएम व जीएनएमटीसी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं, एवं अनेक विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं लोगों ने भाग लिया। इस दौरान विभाग के पंजीकृत दल गौतम परमार एंड पार्टी बाडमेंर के कलाकारों द्वारा ब्यूरो की संगीता घोष प्रदर्शक के नेतृत्व में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर प्रदर्शनी में आए आमजन का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक के आर सोनी ने किया।

# मंत्रालयिक कार्मिक शिक्षा विभाग के रीढ़ की हड्डी : सिंह

- 51 वीं दो दिवसीय मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माण्डल (रानी ब्लॉक) में गुरूवार को 51 वीं दो दिवसीय मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य सुरेश देवडा ने बताया कि मंत्रालयिक कार्मिकों ने खेल के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता मे बास्केटबाल, वालीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, टेनिस क्रिकेट बॉल, खो-खो आदि खेलों मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिको का निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मंडल पाली रिछपाल सिंह ने कहा कि मंत्रालयिक कार्मिक शिक्षा विभाग के रीढ की हड्डी के समान है। उनके बिना विभाग की कोई भी योजना फलीभूत नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कार्मिकों में छिपी प्रतिभा भी निखर कर सामने आती है।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शा.शिक्षा.जे.डी कार्यालय डा.भूपेन्द्र सिंह सोढा ने कहा कि खेल में जीत-हार कोई मायने नहीं रखती है, अत: खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। सहायक निदेशक महात्मा गांधी प्रकोष्ठ चन्देशपाल सिंह करणोत ने कहा कि मंत्रालयिक कार्मिक हमेशा फाइलों में बिजी रहते है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन सेऐसे में इस प्रकार के आयोजन से उन्हें काफी हद तक सुकुन मिलता है। लगातार काम करने की वजह से होने वाला तनाव भी कम होने के साथ नई स्फूर्ति दिलाता है। एडीईओ जे.डी कार्यालय तुलसीराम ने कहा कि विद्यालय हो या कार्यालय सभी जगह मंत्रालय कार्मिकों की अहमभूमिका होती है। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ पाली के जिला अध्यक्ष मुकेश बोहरा ने कहा के मंत्रालयिक कार्मिक विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते है। जिनके बिना विभाग की सभी योजनाएं गड़बड़ा जाती है। कार्यक्रम को जेडी कार्यालय के प्रदीप कच्छवाह, रविन्द्र सिंह राठौड ने भी संबोधित किया। समापन कार्यक्रम में स्थानीय विधालय की बालिकाओ द्वारा खम्मा घणी ओ राणीसा, म्हाने जयपुरिया री सैर करादे भरतार, देश रंगीला रंगीला सरीके गानों में नृत्य कर मन मोह लिया। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, सरपंच सूराराम, धन्नाराम घांची,राजूराम प्रजापत, श्रवण सिंह राजपुरोहित, भेराराम घांची, दोलतराम माली, दीपक माली, रमेश कुमार घांची, छगनलाल मेघवाल, प्रकाश पुरी, सवाई सिंह राजपुरोहित, चिराग सिंह राजपुरोहित, कल्पेश सिंह राजपुरोहित, खुशवंत सिंह राजपुरोहित,सूजाराम घांची, मांगू सिंह राजपुरोहित, जगदीश माली, निर्मल कुमार जैन, फोजी साहब, प्रकाश सिंह राजपुरोहित, दलाराम माली, नारायण लाल घांची, इंदर सिंह राजपुरोहित, अशोक सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत जिला स्तरीय समारोह संपन्न

**जालोर**, (कासं)। आहोर विधायक ने गुरूवार को जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित किया। उन्होंने जालोर जिले में बिजली, पानी, सड़क सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व उनकी क्रियान्विति प्रगतिरत है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर जिला स्तरीय समारोह का विधिवत् आगाज किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से युवाओं से वर्चुअल संवाद किया। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतीक रूप से शिक्षा विभाग के उत्तमसिंह, केशव कुमार, दुर्जनसिंह, संदीप कुमार शर्मा, अजीतसिंह राठौड़, हितेष कुमार, अशोक कुमार व जितेन्द्र सिंह तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अजयपाल सिंह मण्डलावत व अविनाश को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। वही शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024 में टेबलेट वितरण के लिए चयनित इमरान खान, इशान दवे, कौशल गौर, ऐश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी, निखिल चैहान, मेघा खत्री, तरूण कुमार मीना, रविना व मयंक परमार को टेबलेट वितरित किए गए। इसी प्रकार समग्र शिक्षा के तहत व्यावसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत चिण्टु कुमार, आरती कुमारी, निलेश कुमार, श्रवण दास व आजाद खान को कौशल विकास सामग्री के किट प्रदान किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित एवं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर क्लब परिसर में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूटी वितरण योजना में छात्रा निकिता, पुष्पा कुमारी, शांति कुमारी, पूजा कंवर व खुशबू कंवर को नि:शुल्क स्कूटी वितरण तथा नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, डिस्कॉम एसई पी.एस.राङ्गौड़, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार, प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कार्मिक, युवा एवं लोग उपस्थित रहे।

शुक्रवार को प्रभारी मंत्री करेंगे जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

पंच गौरव कार्यक्रम, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन, जिला विकास पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम जालोर क्लब में होगा। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 13 दिसम्बर, शुक्रवार को जालोर क्लब में पंच गौरव कार्यक्रम, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन, जिला विकास पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जालोर क्लब में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे तथा प्रेस कॉफ्रेंस करेंगे। कार्यक्रम में जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल्स भी लगाई गई हैं।

उन्होंने बताया कि प्रात: सुबह 11 बजे जालोर क्लब में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त जारी करने, किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण, फार्म पौंड, पाइप लाइन, तारबंदी, वर्मी कम्पोस्ट, .षकों को .षि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वी.तियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए जाएंगे।

### दौड़ आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ को अतिरिक्त जिला कलैक्टर अशोक कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखा रवाना किया। दौड़ में लगभग 1 हजार से अधिक छात्र छात्राओं, जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। दौड जिला कलैक्टर कार्यालय से ब्रीज से होते हुए बालोतरा पंचायत समिति कार्यालय पहुंची। जहां अल्पाहार के साथ रैली का समापन किया गया।

# नशा मुक्ति का संदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आज जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश जायसवाल, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर पाली बसंत परिहार के निर्देशन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सी ओ स्काउट गोविंद मीणा ने बताया कि स्काउट कार्यालय से बांगड़ विद्यालय पाली तक स्काउट गाइड ने जागरूकता रैली निकालते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलीथिन उन्मूलन के लिए प्रयास किया एवं लोगों को जागरूक करने के लिए रैली मे निनाद एवं बेनर के माध्यम से पॉलीथिन उन्मूलन एवं नशा मुक्ति की रैली निकाली इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल ने स्काउट गाइड के नवाचार और और सामुदायिक सेवा से जुड़े कार्यों जैसे वृक्षारोपण, नशा मुक्ति रैली, पॉलीथिन उन्मूलन रैली, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता रैली व कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य राजकीय बांगड़ स्कूल बसंत परिहार ने स्काउट गाइड द्वारा लोगों को सामाजिक कुरीतियों जेसे बाल विवाह, नशा मुक्ति आदि के लिए लोगों को जागरूक करने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियों से जुड़कर बालक अपने जीवन में अनुशासन के साथ में प्रयत्नशील रहकर देश के लिए एक उत्कृष्ट नागरिक का निर्माण करता है।

# एम.डी.एम. में दो मरीजों की कार्डियोथोरेसिक सर्जरी हुई

- इलाज मथुरादास माथुर अस्पताल में राज्य सरकार की आर.जी.एच.एस. स्कीम के अंतर्गत निःशुल्क किया

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक विभाग में एंडोवस्कुलर तकनीक- टावी ( ट्रांस कैथेटर ऑर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन/ रिप्लेसमेंट ) के माध्यम से राजस्थान में पहली बार कार्डियो थोरेसिक सर्जनों की टीम ने वेल्व ईन वाल्व तकनीक से मरीज के हृदय के सिकुड़े हुए ऑर्टिक वाल्व से निजात दिलाई गई तथा एक मरीज में टावी प्रोसीजर किया गया।

डॉ. सुभाष बलारा (सीटीवीएस विभागअध्यक्ष) ने बताया कि 62 वर्षीय ओसिया निवासी चैनी देवी दो महीने से सीने में दर्द तथा सांस फूलने की तकलीफ से पीड़ित थी। इस मरीज का सन 2008 में गुजरात के किसी प्राइवेट अस्पताल में अयोरटिक वॉल रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई थी।

जांचों के उपरांत यह पता चला कि उनके हृदय के ऑर्टिक वाल्व में पुनः काफी सिकुड़न ( सिविअर अयोर्टिक स्टेनोसिस ) हो गई है और यह खराब हो चुका है।

पहले इस बीमारी के उपचार के लिए रीडू - सर्जरी (ऑर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) ही ऑप्शन था परंतु आधुनिक टावी (टावर) प्रणाली के माध्यम से सिर्फ नीडल पंचर होल के जरिए वाल्व इंप्लांटेशन संभव है।,

अत: मरीज की बीमारी, उम्र तथा कोमौरबिड इलनेसेस को देखते हुए मरीज को टावी प्रोसीजर करने का निर्णय लिया गया। इस प्रोसीजर में मरीज के पुराने सन 2008 में बदले गए आर्टिफिशियल आर्टिक वालव के अंदर एक नया वैलव इंप्लांट किया गया। यह संपूर्ण राजस्थान में कार्डियक सर्जनों द्वारा पहला वाल्व इन वॉल्व( टावी) प्रोसीजर है।

दूसरा मरीज 67 वर्षीय खिमसर निवासी जेठाराम 8 महिनों से सांस फूलने तथा तथा धडक्रन की अनियमित से जूझ रहा था, हार्ट की जांचों में पता चला कि उनके आर्टिक वाल में सिकुडऩ आ गई है (सीवर ऑर्टिक स्टेनोसिस ) इसलिए इनका भी इंडो वैस्कुलर तकनीक टावी द्वारा सफलता पूर्वक वैलव रिप्लेस किया गया। इस प्रोसीजर के लिए अहमदाबाद के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मानिक चोपड़ा तथा उदयपुर से कार्डियक सर्जन डॉ संजय गांधी को भी बुलाया गया।

पहले इस ऑपरेशन की प्रणाली के लिए मरीजों को अन्य राज्यों तथा मेट्रो शहरों में जाना पड़ता था, जहां इलाज का खर्चा लगभग 20 से 25 लख रुपए आता है, परंतु यह इलाज अब मथुरादास माथुर अस्पताल में राजस्थान सरकार की आरजीएचएस स्कीम के अंतर्गत नि:शुल्क किया गया।

आपरेशन टीम कार्डियोथोरेसिक विभाग के डॉ सुभाष बलारा, डॉ अभिनव सिंह , डॉ देवाराम, डॉ अमित एनेस्थीसिया विभाग के डॉ राकेश करनावत, डॉ गायत्री तंवर कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ रोहित माथुर, डॉ अनिल बारूपाल, स्टाफ मोनिका भाटी, रितु , मनीष, बिलाल ।टेक्नीशियन धर्मेंद्र मरेठा और प्रकाश, परफ्यूशनिस्ट माघो सिंह और मनोज ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# अवैध वाणिज्यिक इमारत का कार्य बंद करवाया

सायला. (निसं)। पीडब्ल्यूडी के सामने अवैध वाणिज्यिक ईमारत निर्माण की सूचना मिलने पर अधिषाशी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी के नेतृत्व में सायला नगरपालिका टीम ने पहुंचकर निर्माण कार्य को बन्द करवाया।

जानकारी के अनुसार सरहद मौजा सायला के चक नम्बर 2 पुराने खसरा संख्या 681 जिसके वर्तमान खसरा संख्या 2126 रकबा 2.75 हेक्टर किस्म गैर मुमकिन में सायला-बागोडा मुख्य सडक पर अवैध वाणिज्यिक ईमारत के निर्माण की सूचना मिली थी। जिस पर अधिषाशी अधिकारी व तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, वरिष्ठ सहायक रमेश कुमार, पटवारी हरदानाराम देवासी मय नगरपालिका टीम एवं हेड कांस्टेबल बाबूलाल मय पुलिस जाब्ता की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को बन्द करवाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद मजदूरों को पाबंद कर भविष्य में पुनः निर्माण कार्य चालू नही करने के संबंध में सख्त हिदायत देकर पाबंद किया गया। साथ ही निर्माण स्थल से 2 फावडा, 8 तगारी, 1 पानी की टंकी 200 लीटर, 1 पानी की टंकी 500 लीटर, 1 कराली, 7 लकडी के पाटिये, 05 आरसीसी प्लेंटे जब्त करने की कार्यवाही की गई। अधिषाशी अधिकारी चौधरी ने बताया कि भवन मालिक को दो दिन पूर्व में भी भवन निर्माण एनओसी एवं संबंधित अन्य दस्तावेज आदि पेश करने के लिए आग्रह किया था लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब पेश नही किया गया। जिसके चलते अवैध वाणिज्यिक ईमारत निर्माण का कार्य बन्द करवाया गया है।

आगे भी कार्यवाही रहेंगी जारी:- अधिषाशी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी ने बताया कि स्टेट हाइवे के दायरे में आने वाली सभी निर्माणाधीन अवैध ईमारतों, आवासीय भूमि पर वाणिज्यिक भवनों के निर्माण तथा नगरपालिका के नियमों का पालन नही करने पर भवन निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

# अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों को सेशन जज ने दिलाई शपथ




जालोर अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अभिभाषक संघ जालोर के चुनाव के अनुसरण में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार दोपहर 1.30 बजे जालोर शहर में स्थित शंकर वाटिका में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायालय हारुन थे, जबकि अतिथि के रुप में पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेंद्र कुमार सनाढ्य, एससी-एसटी कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश परवेज अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहसान अहमद, एसीजेएम प्रथम आशा चारण, जेजेबी के प्रिंसीपल जज गजेंद्र कुमार और न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गोदारा उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों और नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर की। समारोह में जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन ने कहा कि जज बनने के लिए वकील बनना बेसिक नीड होती है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की जिम्मेदारी बहुत बडी होती है, हमें उम्मीद है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उनकी टीम बार एवं बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तथा बार के हितों एवं उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी बार के वरिष्ठ साथियों और साथी अधिवक्ताओं ने सौंपी, उस जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने बार एवं बेंच के मधुर संबंध कायम रखने तथा वकीलों के हितों में कार्य करने का वादा किया।

इससे पूर्व अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन अधिकारी बसन्त कुमार गहलोत, सहायक निर्वाचन अधिकारी सतपाल पुरोहित और सदस्य तरुणसिंह का भी माला पहनाकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन रमेश सोलंकी ने किया।

शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा, उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण कुमार भादरु, सह सचिव तुलसीराम पुरोहित, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, सह कोषाध्यक्ष तारीफ अली और पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश कुमार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन और निर्वाचन अधिकारी बसन्त कुमार गहलोत ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नव निर्वाचित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता परमानन्द दवे, सिकन्दर अली सैयद, सुरेंद्र कुमार दवे, शंभूदान आशिया, सरदार खान खोखर, मोहनसिंह राणावत, ईश्वरदान चारण, अशोक जोशी, विक्रमसिंह, दिलीप शर्मा, रजनीकांत सोनी, तरुण सोलंकी, मुमताज अली, संतोष भारती, ललित खत्री, गुणेशसिंह राजपुरोहित, समीर खान खोखर, रामप्रकाश खाबाणी, अशोक कुमार माली, अभिमन्यूसिंह, नरपतसिंह देवडा, रियाज खान, शकील मेहर, भूरसिंह देवकी, रामसिंह चम्पावत, पदमसिंह भाटी, खसाराम परिहार, सुरेश राव, पारसमल गार्गी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सर्व हिन्दू समाज ने ज्ञापन दिया

**बाड़मेर**, (कासं)। सर्व हिंदू समाज के सेवानिवृत अधिकारियों व प्रबुद्धजनों ने बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न, नरसंहार एवं धर्म परिवर्तन के विरोध में जिला कलेक्टर टीना डाबी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव द्वारा बांग्लादेश के सभी अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की रक्षा की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबालाल जोशी ने बताया कि बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन पश्चात बांग्लादेश में परंपरागत रूप से रह रहे अल्पसंख्यक मुख्यतः हिंदू एवं सनातनी समाज के लोगों को चिन्हित व लक्षित कर वहां के बहुसंख्यक वर्ग द्वारा हिंसात्मक हमले किए जा रहे हैं।

इस दौरान एडवोकेट रमेश मंगल, करना राम, स्वरूपसिंह चाडी, जयकिशन जोशी,मिरचूल कृपलानी, टी. डी राठी, मांगीलाल संखलेचा, महेश शर्मा, पीआर चौधरी, महावीर बोहरा, शिवजी राम चौधरी, धनराज व्यास,ललित कुमार जोशी, रामकुमार जोशी, इंजीनियर संजय रामावत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अरविंद तापडिया ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे सर्व हिंदू समाज की आक्रोश रैली होगी। भोमसिंह सुंदरा ने बताया कि आक्रोश रैली गांधी चौक स्कूल से लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी।

# जालोर जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव संपन्न




जालोर जिला तीरंदाजी संघ के कृष्ण कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरुण शर्मा सचिव बने। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव में कृष्ण कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरुण शर्मा सचिव निर्वाचित हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी शिवदत्त आर्य ने बताया कि गोविंद राम पर्यवेक्षक राजस्थान तीरंदाजी संघ के देखरेख में तीरंदाजी संघ की साधारण सभा की बैठक में आर्य वीरम व्यायाम शाला में जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव संपन्न हुएं सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने से समस्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

कृष्ण कुमार अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं चंद्रकांत उपाध्यक्ष वरुण शर्मा सचिव शुभम आर्य एवं कांतिलाल आर्य संयुक्त सचिव अंबिका प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष सौरभ सिंह एवं कविता सदस्य निर्वाचित हुए। छगन्नाथ एवं भरत कुमार भादरू आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए गए।

चुनाव अधिकारी आर्य ने समस्त निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब मिलकर जालोर के खिलाडियों के लिए प्रयास करेंगे और उन्हें समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराकर खेल को आगे बढाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान तीरंदाजी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हरदेव आर्य एवं जिला कुश्ती संघ के सचिव दलपत सिंह आर्य का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# रन फॉर विकसित राजस्थान के लिए लोगों में उत्साह रहा




जालोर के हनुमानशाला स्कूल से रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरूवार को प्रातःकाल राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हनुमानशाला जालोर से रन फॉर विकसित राजस्थान (रविराज) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रन फॉर विकसित राजस्थान रैली हनुमानशाला स्कूल से रवाना होकर हरिदेव जोशी सर्किल-वन-वे रोड़, कलेक्ट्रेट के सामने से आहोर चौराहा होते हुए शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर पहुंची। स्टेडियम में जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित व जिला शिक्षाधिकारी भेराराम ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, एडीपीसी ईश्वरसिंह, भागीरथ गर्ग, सुरेश सोलंकी सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक, पुलिस, एनएसएस, नर्सिंगकर्मी व शहर के राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## '35 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. धरातल पर लाएंगे'

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल समिट में राज्य सरकार द्वारा 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन है जो आगामी आने वाले दिनों में धरातल पर लाए जाएंगे। यह बात उन्होंने जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने यहां कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि एक वर्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता के लिए कई सारी योजनाओं को साकार किया है जिसमें पेट्रोल डीजल के दामों में कमी, किसान निधि में वृद्धि आदि प्रमुख है।

इसके साथ ही आगामी चार सालों में भजनलाल सरकार प्रदेश के लिए कई नई योजना ला रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल समिट के बाद प्रदेश का विकास होगा और इस निवेश को धरातल पर लाकर उसकी समीक्षा की जाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने यहां एक शोकसभा में भी भाग लिया। वह जालोरी गेट में अपने रिश्तेदार के निधन पर उनके निवास स्थान पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

वहां शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वापसी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

# सेवा इकाई के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया



जालोर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर न्यायाधीश अहसान अहमद ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक अक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम के तहत गठित कानूनी सेवा इकाई के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को समापन हुआ।

समापन के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कानूनी सेवा ईकाई के सदस्यों को कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दो दिनों में सीखा गया ज्ञान फील्ड में जाकर धरातल पर दिखना चाहिए। यहां पर अर्जित किए गए ज्ञान को जरूरतमंद बालकों की सहायता में उपयोग करेंगे तभी प्रशिक्षण उद्देश्य सफल होगा।

उन्होंने कहा कि अक्षम व्यक्ति और उनके संरक्षक को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करें एवं उनकों योजनाओं का फायदा दिलवाने में अपनी भूमिका निभाए। प्रशिक्षण के दूसरे दिन अहसान अहमद ने मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं योजना की विस्तार से जानकारी दी और योजना के तहत गठित समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश सोहनराम मेघवंशी ने कहा कि दो दिनों तक दिया गया प्रशिक्षण तभी सफल होगा जब इसका धरातल में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के विशेष रूप से सक्षम बालकों के साथ बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

पैनल अधिवक्ता सरदार खान खोखर ने एलएसयूएम के विषय में विधिक सेवा प्रदाताओं के कार्य एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह आहोर के विशेष शिक्षक राजेंद्र कुमार ने मानसिक रूप से बीमार लोगों के साथ किस प्रकार से व्यवहार करना चाहिए इसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानसिक बीमार व्यक्तियों की देखभाल करने, उनके साथ बरती जाने वाली सावधानियों, उनसे वार्तालाप करने के तरीके, उनको दवाइयां देने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया। एलएडीसीएस असिस्टेंट आमना तब्बसुम ने मानसिक रोगियों एवं मानसिक विमंदित व्यक्तियों के लिए वैधानिक ढांचे के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान कानूनी सेवा इकाई के सदस्य पैनल अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र मौजूद रहे।

## चुनाव प्रक्रिया में बेहतर कार्य पर होगा सम्मान

**जालोर**, (कासं)। राज्य के निर्वाचन विभाग द्वारा जिले में निर्वाचन कार्य के दौरान अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नवाचार-युक्त कार्य करने वाले अधिकारियों-कार्मिकों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए 15 दिसम्बर, 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर 1 जनवरी से 31 दिसम्बर, 2024 की अवधि में निर्वाचन संबंधी उत.ष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) पदेन जिला स्वीप प्रभारी, मास्टर ट्रेनर, मीडिया संबंधी कार्मिक, आईटी कार्मिक, सांख्यिकी कार्मिक, निर्वाचन व्यय अन्वेक्षण संबंधी कार्मिक (एफएस/एसएसटी/पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसी कार्मिक), सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य निर्वाचन संबंधी उत.ष्ट कार्य सम्बंधित कार्मिक या अधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

इन श्रेणियों के आवेदन सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्वाचन विभाग को 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार आवेदन के प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## दीपिका सेन दौड़ में विजेता बनी

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल जालोर की आर्य वीरांगना दीपिका सेन ने अंडर 18 बालिका वर्ग की 4 किलोमीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। वहीं इसी दौड में रवीना ने द्वितीय व कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि बुधवार शाम 4 बजे सुंदेलाव तालाब की पाल पर जिला एथलेटिक्स संघ के बैनर तले जिला स्तरीय क्रोस कंट्री दौड संघ के जिलाध्यक्ष भरत मेघालय के निर्दशन में हुई। प्रतियोगिता में अंडर 16 से अंडर 20 वर्ष तक के पुरुष व महिला खिलाडियों ने भाग लिया।जिसमें अंडर 16 बालिका वर्ग की 2 किलोमीटर दौड में निरमा गोपीकिशन, आर्य वीरांगना सपना, निरमा हमीराराम ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर 16 बालक वर्ग की 2 किलोमीटर दौड में सिकन्दर अली,आर्यवीर सागर,आर्यवीर दीपक ने क्रमशः पहला,दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 18 बालकों की 6 किलोमीटर दौड में कांतिलाल, भूपेंद्र चौधरी, भमराराम, अंडर 20 बालिकाओं की 6 किलोमीटर दौड में आर्य वीरांगना कंचन कुमारी, आर्य वीरांगना करीना कुमारी,काजल कुमारी, अंडर 20 बालकों की 8 किलोमीटर दौड में रणछोडा राम,साहिल कुमार, तपस्वी कुमार ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में किसी भी खिलाडी ने भाग नहीं लिया।

विजेताओं को जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व भामाशाह भवरसिंह ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। बनो चैंपियन कोच कैलाशचंद्र व भावेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# किसान सम्मेलन कार्यक्रम आज

**बालोतरा**, (निसं)। वर्तमान राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को रन फॉर विकसित राजस्थान दौड के साथ ही जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। 13 दिसंबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका सिवाना के सभागार में किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा किसान सम्मेलन के दौरान जिला विकास पुस्तिका एवं सूजस विशेषांक का विमोचन किया जायेगा। साथ ही पंचायत समिति बालोतरा परिसर में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

# आदर्श विद्या मंदिर भवन विस्तार के लिए भूमि पूजन



आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर के जिला अध्यक्ष मांगीलाल टावरी ने भूमि पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रामगढ़ में भवन विस्तार के लिए भूमि पूजन किया गया।

विद्या भारती जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री रविकुमार प्रांत एकल विद्यालय प्रमुख श्री देरामाराम विश्नोई आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर के जिला अध्यक्ष मांगीलाल टावरी प्रबंध समिति के संरक्षक श्री चतरसिंह जाम अध्यक्ष दुर्जनसिंह सोलंकी द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके भूमि पूजन किया गया।पंडित केशव केवलिया द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में जिला समिति व्यवस्थापक पदमसिंह राठौड़, जिला सेवा प्रमुख धीरेंद्रसिंह भाटी, जिला सचिव भंवरलाल कुमावत, जिला एकल विद्यालय एवं संस्कार केंद्र प्रमुख घेवरसिंह भाटी, सीमाजन कल्याण समिति के जिला सहमंत्री कृष्णपालसिंह सेऊवा, प्रधानाचार्य कंवराजसिंह तंवर, प्राथमिक प्रभारी सजना कुमारी, आचार्य ओमप्रकाश, पूर्व छात्र सोहन सिंह राजपुरोहित सहित अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर के मकान में चोरी

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर शहर के पावटा बी रोड स्थित जालम विलास में स्वास्तिक बिल्डिंग में रहने वाले एक डॉक्टर दंपती के मकान में संदिग्ध हालात में चोरी हो गई। घर से 10-12 तोला सोना, 25 हजार की चोरी होना बताया गया।

इसमें सबसे बड़ी बात है कि ना तो घर के ताले टूटे मिले और ना ही सामान बिखरा हुआ था। बैग यह उक्त सामान चोरी होना बताया गया। चोर काफी सामान छोड़ कर भी गए है। फिलहाल पुलिस ने इसमें गहनता से पड़ताल आरंभ की है।

चोरी की घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है। चोरी 21 नवंबर से 29 नवंबर के बीच होना प्रतीत हुआ है और चोरी का पता 10 दिसम्बर को चला है।

महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि जालम विलास स्थित स्वास्तिक बिल्डिंग में रहने वाली डॉ. वृशाली पत्नी डॉ. साकेत कुमार की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है।

डॉक्टर वृशाली के अनुसार वह परिवार सहित 21 नवंबर से लेकर 29 नवंबर के बीच में किसी कार्यवश दिल्ली गए हुए थे। 10 दिसम्बर को जब घर में बैग संभाला तो उसमें से दस बारह तोला सोना और 25 हजार की नगदी गायब मिली।

थानाधिकारी मीणा ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिस बारे में पता लगाया जा रहा है। घर के ताले नहीं टूटे है और ना ही सामान बिखरा मिला है। चोर आधा सामान लेकर गया है बाकी छोड़ गया है।

आस पास सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरी खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

# रोजगार उत्सव के गेट पर किसानों ने प्रदर्शन किया



जालोर में किसानों व महिलाओं ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर किसानों का महापड़ाव 25 वें भी जारी रहा। समस्याओं का हल नहीं होने से किसानों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है।

गुरुवार को जालोर क्लब में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल के मुख्य गेट पर किसानों व महिलाओं ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर तथा जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के इस कार्यक्रम में आने की सूचना किसानों को मिलने पर महापड़ाव स्थल से किसान व महिलाएं कार्यक्रम स्थल जालोर क्लब के मुख्य गेट के आगे पहुंच गई। वहां पुलिसकर्मियों ने गेट के अंदर जाने से उन्हें रोक दिया। इसके बाद गेट के बाहर बैठकर किसानों व महिलाओं ने जालोर व आहोर विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा जालोर के लिए जवाई बांध के पानी पर हक तय करने की मांग की।

वहीं बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र व जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे वैभव गहलोत भी महापड़ाव स्थल पहुंचे, लेकिन वहां भी किसानों ने उन्हें खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि आपकी भी पांच साल सरकार रही यदि आपके कार्यकाल में यह काम हो जाता तो महापड़ाव नहीं करना पड़ता।



भारत को जब भी गेंदबाजी करने का मौका मिलता है तो उन्हें चौथी और पांचवीं स्टंप लाइन पर थोड़ा और अधिक भरोसा करना चाहिए।
- मैथ्यू हेडन

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, भारतीय गेंदबाजों को सलाह देते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



### रोहित शर्मा

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में एक बार फिर से पारी का आगाज करते हुए दिख सकते हैं। रोहित शर्मा सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, जहां उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी और केएल राहुल ने पारी का आगाज किया था। पर्थ टेस्ट में केएल राहुल ने जिस तरह से बैटिंग की, एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच के लए उन्हें फिर से ओपन करने का मौका मिला, जबकि टीम में कप्तान रोहित शर्मा वापसी करने के बाद मिडिल ऑर्डर में उतरे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# डी गुकेश ने रच दिया इतिहास

## सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चेस चैम्पियन बने, चीन के डिंग लिरेन को हराया

सिंगापुर 12 दिसंबर। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को चीन के मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में 18 वर्षीय गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह खिताब जीता। यह चैंपियनशिप 25 नवंबर को शुरू हुई थी। 11 दिसंबर तक दोनों खिलाड़ियों के बीच 13 बाजी खेली गई और स्कोर 6.5-6.5 से बराबर था।

गुकेश ने आज 14 वीं बाजी में जीत दर्ज कर एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया। शतरंज चैंपियन बनने के बाद गुकेश भावुक हो गये। इस जीत के साथ ही सबसे कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी



डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के अंतिम गेम में डिंग लिरेन की गलती के बाद इतिहास में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। ये गलती ऐसे समय में हुई जब टाईब्रेक की संभावना बहुत वास्तविक लग रही थी।

पांचवें घंटे में खेल तब खत्म हुआ जब डिंग लिरेन ने एक गलती की जिसके कारण उन्हें हार झेलनी पड़ी।एक वक्त ऐसा था जब लगा मैच टाईब्रेक हो जाएगा, लेकिन गुकेश ने अपनी कोशिश जारी रखते हुए डिंग को हराने में सफलता प्राप्त की। वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप 2024 में डिंग लिरेन अधिकांश समय पर पीछे चल रहे थे। बता दें कि, डोमराजू गुकेश 18वें वर्ल्ड चेस चैंपियन हैं। डिंग लिरेन के खिलाफ गुकेश काले मोहरों के साथ मुकाबले खेले थे। पूरे मैच में भारतीय युवा ने अपना जोरदार प्रदर्शन दिखाया और हर बाजी में चीनी खिलाड़ी पर भारी पड़े। आखिर में गुकेश ने चीन की बादशाहत खत्म कर दी।

# गाबा पिच पर होगी भारतीय बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा



ब्रिसबेन, 12 दिसम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज में अभी तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर शनिवार से ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में खेला जाएगा। जो कि भारतीय समयानुसार सुबह 5.30 बजे से खेला जाएगा।वहीं गाबा की पिच को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल हो सकती है, जिसकी पूरी संभावना दिख रही है। पिच से तेज गेंदबाजों को पेस और बाउंस मिलेगा, यानी बल्लेबाजों की शामत आनी तय है। शुरुआती दिन तो यहां पर गेंदबाजों का ही बोलबाला रहेगा। जो भी टीम यहां टॉस जीतेगी, शायद वो पहले गेंदबाजी करेगी। वैसे भी दोनों ही टीमों में धुरंधर तेज गेंदबाजों की कम नहीं है। अब गाबा टेस्ट में जिस पिच पर भारत-ऑस्ट्रेलिया का मैच होना है, उसकी तस्वीरें सामने आई है। इसे देखकर तो ऐसा लगता है कि पिच तेज गेंदबाजों के ही मुफीद होगी। विकेट काफी हरा-भरा दिख रहा है और इस पर लगातार रोलिंग की जा रही है।

### गाबा में जसप्रीत बुमराह से पार पाना चाहते हैं नाथन मैकस्वीनी

ब्रिसबेन, 12 दिसम्बर। आस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को उम्मीद है कि गाबा में शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वह भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अच्छी तरह से खेलने में सफल रहेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में ही बुमराह जैसे धाकड़ गेंदबाज का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज को तीन बार आउट किया है। मैकस्वीनी ने हालांकि एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 39 रन बनाकर अपना आत्मविश्वास जगाया है।

### 2026 में तीन तथा 2030 में छह देश करेंगे फीफा विश्वकप की मेजबानी

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। वर्ष 2026 में तीन तथा 2030 में छह देश फीफा विश्वकप की मेजबानी करेंगे। इसके साथ ही सऊदी अरब को वर्ष 2034 के फीफा विश्वकप की मेजबानी मिली है। फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) बुधवार को वर्ष 2026, 2030 और 2034 के विश्वकप आयोजन के मेजबानी की घोषणा की। एसोसियेशन कहा कि फीफा विश्वकप 2026 के लिये अमेरिका और मेक्सिको तथा 2030 के लिए स्पेन, मोरोक्को, पुर्तगाल, उरुग्वे, पैराग्वे और अर्जेंटीना मेजबानी करेंगे। इन छह देशों मे उरुग्वे ऐसा देश है, जहां 100 साल बाद विश्वकप का मैच खेला जायेगा। उरुग्वे ने इससे पहले साल 1930 में हुए फुटबॉल विश्व कप में मेजबानी की थी। फीफा ने 2034 के विश्वकप संस्करण की मेजबानी सऊदी अरब को दी है। कतर के बाद सऊदी अरब दूसरा खाड़ी देश होगा, जो विश्वकप की मेजबानी करेगा। वर्ष 2026 फीफा विश्वकप की मेजबानी संयुक्त रूप से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको करेंगे। यह पहली बार होगा जब तीन देश मिलकर विश्वकप का आयोजन करेंगे।

## आईसीसी के नये चेयरमैन शाह ने 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की

ब्रिसबेन, 12 दिसम्बर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन का पदभार संभालने वाले जय शाह ने बृहस्पतिवार को 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक आयोजन समिति के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और ग्रीष्मकालीन खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की संभावना पर चर्चा की। क्रिकेट 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी करेगा जब यह 2028 लॉस एंजिलिस खेलों का हिस्सा होगा।



ब्रिसबेन में 2032 में क्रिकेट को शामिल करने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। शाह ने बैठक की तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, "ओलंपिक आंदोलन में क्रिकेट की भागीदारी के लिए बहुत ही रोमांचक समय है – आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति के साथ बैठक हुई।" बैठक में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति की प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने भाग लिया। भारतीय क्रिकेट बार्ड के पूर्व सचिव के भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट को देखने की उम्मीद है जो शनिवार से गाबा में शुरू होगा। शाह की तत्काल प्राथमिकताओं में फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का समाधान खोजना है। सभी हितधारकों ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है लेकिन अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है जिससे टूर्नामेंट के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

### पाकिस्तान टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी का कटेगा पत्ता!



नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। टिम नीलसन की इस साल अगस्त में हाई-परफॉर्मेंस रेड-बॉल कोच बनाया गया था। उनके अनुबंध को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रिन्यू करना था। वो इसे लेकर निर्णय का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया कि उन्हें लगता है कि टीम के साथ अच्छी प्रगति कर रहे हैं और साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह प्रदिबद्ध हैं, लेकिन पीसीबी ने उन्हें बताया कि उनकी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं है। वहीं माना जा रहा है कि पीसीबी ने गिलेस्पी को पहले से ये नहीं बताया कि अब वह साउथ अफ्रीका में बैगर सहायक कोच के होंगे। इस फैसले से वह बेहद नाखुश हैं। उनसे पहले से सलाह नहीं ली गई।

## त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की

हांगझोऊ (चीन), 12 दिसंबर। भारत की महिला युगल बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 टूर्नामेंट में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन को हराया।

आज यहां त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद ने मुरलीधरन ने अच्छी शुरुआत करते हुए 8-5 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए गेम में वापसी कर 14-12 की बढ़त हासिल की। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। 19-19 पर त्रिशा और गायत्री ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करते



46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 21-19 से हराकर टूनामेंट में पहली बार खेलते हुए अपनी नॉकआउट उम्मीदों को जिंदा रखा। इस मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 6-2 की बढ़त बनाई, लेकिन पर्ली टैन-थिनाह मुरलीधरन ने वापसी करते हुए हाफवे स्टेज पर 11-10 की बढ़त ले ली। भारतीय जोड़ी ने खेल के अंतिम चरण में 19-17 के स्कोर पर महत्वपूर्ण दो अंक अर्जित किए और पहला गेम जीतकर अच्छी शुरुआत की। दूसरे गेम में पर्ली टैन और थिनाह हुए दो अंक हासिल किए और गेम और मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद वर्तमान में ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। चीन की दुनिया की नंबर वन जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग दो मैचों में दो जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। त्रिशा-गायत्री की भारतीय जोड़ी का अगले मुकाबले में जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा। इस मैच में जीतने वाली जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

## रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट : पुरुष सिंगल्स श्रेणी में गुरदर्शन, अरूण, रंजू, जगदीश और दीपक फाइनल्स में पहुंचे

जयपुर, 12 दिसंबर। रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) के तत्वावधान में जयपुर क्लब में चल रहे प्रतिष्ठित रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट में गुरुवार को खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में रोमांचक प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुष सिंगल्स (45) श्रेणी में अरुण कटारिया और रंजू चेरियन फाइनल खेलेंगे। (50) श्रेणी में जगदीश तंवर और दीपक बागोरा फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। (55) श्रेणी में गुरदर्शन सिंह रमाना फाइनल में पहुंचे।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन 60, 65, 70 श्रेणी में पुरुष सिंगल्स के मुकाबले शुरु हुए, जिसमें सिंगल्स (70) श्रेणी में दिलीप शिवपुरी पहला राउंड पार कर दूसरे राउंड में पहुंचे। वहीं (60) श्रेणी में प्रेमा शेरपा, संजीव मेहरा, इंदरपाल सिंह, दिनेश कुमार फुलवारिया, राम प्रकाश गुप्ता ने विजयी होकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। इसी प्रकार, (65) श्रेणी में रिच्छपाल सिंह जाखड़, योगेश शाह, अजीत भारद्वाज और राकेश कोहली विजेता होकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

इस दिन महिला खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा की भी शुरुआत हुई। जिसमें महिला सिंगल्स (30) श्रेणी में रानी स्मिता जैन, कनिका चौधरी, दीपमाला यादव और निमिशा जैन पहले राउंड की विजेता रहीं और दूसरे राउंड में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में देश-विदेश से शामिल खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में बेहतरीन मुकाबला करते हुए अगले चरण में प्रवेश किया।

राजधानी

# विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे युवा देश की धरोहर हैं। जब युवा आगे बढ़ेंगे, तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। युवाओं की ऊर्जा, जोश एवं प्रतिभा ही राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी की भागीदारी से विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

शर्मा गुरूवार को अमर जवान ज्योति पर आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' की यह दौड़ हमारी एकजुटता, दृढ़ संकल्प और राज्य के विकास की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि युवा सशक्त होंगे तो राजस्थान सशक्त होगा। इसी लक्ष्य के साथ प्रदेश में अब से हर वर्ष 12 दिसम्बर को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को राज्य की प्रगति में भागीदार बनने की प्रेरणा मिले।

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं भी युवाओं के साथ दौड़े। अपने साथ मुख्यमंत्री को दौड़ लगाते हुए देख युवा उनकी सादगी के कायल हो गए। इस दौड़ में एनसीसी, एनएसएस, आरएसी, होमगार्ड और आमजन सहित 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत के भविष्य का मार्ग अब बड़े सपनों, बड़े संकल्पों की सिद्धि का है। आज विकसित भारत का निर्माण ही हर देशवासी का ध्येय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के इसी ध्येय को अपना संकल्प बनाकर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री ने यह करके दिखाया है। यह सदी भारत की है, भारत के युवाओं की है।



**अमर जवान ज्योति पर आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी युवाओं के साथ दौड़े।**

- **मुख्यमंत्री ने की राज्य सरकार की पहली वर्ष गांठ के आयोजन की शुरूआत**
- **'हर वर्ष 12 दिसम्बर को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' आयोजित होगा'**

शर्मा ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में कई बार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं। इस बार पेरिस पैरालंपिक में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीते। हमारी सरकार खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं विकसित कर रही है।

उन्होंने कहा कि राइजिंग समिट के दौरान भी खेलों के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षिरत हुए हैं, जिससे युवाओं को खेलों में और आगे बढ़ने के अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम से ओलम्पिक में भाग लेने वाले 50 प्रतिभाशाली युवाओं को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, राजस्थान में खेलो इंडिया राष्ट्रीय यूथ गेम्स-2026 का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल एवं युवा नीति लाने, महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने सहित खेलों के विकास की विभिन्न कार्य कर रही है।

खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया, योग दिवस, श्री अन्न, स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को फिट, स्वस्थ, स्वच्छ रहने की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में युवाओं के लिए बहुत काम हो रहा है। आगामी 5 सालों में 4 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा राइजिंग राजस्थान के माध्मय से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने विकसित राजस्थान के प्रतीक के रूप में आसमान में गुब्बारे छोड़े तथा हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर विकसित राजस्थान' मैराथन की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, सुंदर सिंह गुर्जर सहित कई खिलाड़ियों को चैक एवं प्रशस्ति-पत्र वितरित किए।

इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा, गुरवीर सिंह, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू सहित उच्च अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सी.एम.के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर की मौत

- **20 दिन पहले ही दूसरी बार पिता बना था मृतक पवन**

**जयपुर (कासं)।** जगतपुरा इलाके में अक्षयपात्र चौराहे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर पवन की गुरूवार को मौत हो गई। मृतक ड्राईवर पवन 20 दिन पहले ही दूसरी बार पिता बना था। गत 11 दिसंबर को हुए एक्सीडेंट में एएसआई सुरेंद्र सिंह की पहले ही जान चली गई थी। हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर तीन बजे अक्षयपात्र सर्किल पर हुआ था। घायल टैक्सी ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

परिजनों के मुताबिक मृतक पवन करौली का रहने वाला था। जगतपुरा सात नंबर बस स्टैंड के पास किराए पर रहता था। साथ में पत्नी और दो बच्चे भी रहते थे। एक बच्चा ढाई साल का है, जबकि दूसरा बच्चा 20 दिन का। डेढ़ साल पहले ही विदेश से नौकरी छोड़कर जयपुर आया था। विदेश में करीब डेढ़ साल नौकरी की थी। सूत्रों की मानें तो बुधवार को वी.वी.आई.पी. सुरक्षा में दो बड़ी चूक हुई। जगतपुरा के अक्षयपात्र चौराहे पर जहां मुख्यमंत्री के काफिले में टैक्सी गाड़ी टकराने का हादसा हुआ, ठीक यहीं पर करीब 1 घंटे बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कारों के बीच एक सिलेंडर से भरा ट्रक घुस गया। उपराष्ट्रपति लघु उद्योग भारती द्वारा सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में आए थे। जबकि मुख्यमंत्री भी इस कार्यक्रम में जा रहे थे।

### तेजस्विनी गौत्तम को सौंपी जांच

वहीं दूसरी और पुलिस मुख्यालय ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में जगतपुरा के अक्षयपात्र चौराहे पर टैक्सी गाड़ी घुसने के मामले की जांच डी.सी.पी. ईस्ट तेजस्विनी गौत्तम को सौंपी है। बुधवार दोपहर को हुए इस हादसे में जहां ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह की मौत हो गई थी, वहीं गुरूवार को टैक्सी ड्राइवर पवन ने भी दम तोड़ दिया। हालांकि पुलिस मुख्यालय ने सीएम सुरक्षा में चूक को देखते हुए बुधवार देर रात को ही इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी कर दिए थे। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस घटना की जाँच डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम को सौंपी गई है। इस घटना में मुख्यमंत्री की गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त होते हुए बाल-बाल बची थी। डीजीपी साहू ने इस दुर्घटना में पुलिस एएसआई सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## डॉ. सतीश पूनिया ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजधानी जयपुर में राजभवन पहुँचकर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें रामराज्य पुस्तक भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राजस्थान प्रदेश से जुड़े जनहित व विकास के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि मिलनसार व जमीन से जुड़े व्यक्तित्व के धनी राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े के लम्बे सामाजिक व राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश की उन्नित में महत्वपूर्ण साबित होगा, राज्यपाल हरिभाऊ का राजस्थान से लगाव अद्भुत है, वे प्रदेश की प्रगति को लेकर संकल्पित हैं एवं सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ‘पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार दिया, हम सपने पूरे कर रहे हैं’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने जोधपुर में नियुक्ति पत्र, ट्राई साइकिल, स्कूटी, कृत्रिम अंग व आयुष्मान कार्ड बांटे

जोधपुर, 12 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को पॉलिटैक्निक कॉलेज के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार दिया, हम सपने पूरे कर रहे हैं। सी.एम. ने युवाओं से कहा, आपने जो सपन संजोए हैं, हमारी सरकार उन्हें पूरा करेगी। इस दौरान आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में उन्होंने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे, साथ ही रिमोट से कई योजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रोजगार उत्सव में करीब पांच हजार लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, ट्राई साइकिल, स्कूटी, कृत्रिम अंग व आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जैसलमेर, चूरू, दौसा से नर्सिंग ऑफिसर, संगणक आदि पद पर नव निर्वाचित लोगों से बात कर, बधाई दी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की है, भारत के युवाओं की है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री ने यह करके दिखाया है।

कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने अपने उद्बोधन में कहा, यह तो अभी ट्रेलर है, अभी 10 हजार नियुक्तियां हो गई हैं, मार्च अप्रैल तक 50 हजार नियुक्तियां होंगी।

कार्यक्रम में मंच पर मुख्यमंत्री के साथ चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, शिक्षा मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर, विधायक अतुल भंसाली, देवेन्द्र जोशी, पब्बाराम विश्नोई, अर्जुनलाल गर्ग सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, आयुर्वेद, प्लानिंग, कृषि, संस्कृत शिक्षा और शिक्षा विभाग में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी के साथ, कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के 150 स्टार्टअप को आई स्टार्ट फंड के तहत फंडिंग, बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम, स्टार्टअप फाउंडर तथा युवाओं की अपस्किलिंग एवं उनका स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध करवाने के लिए लीप का शुभारंभ भी हुआ। युवा एवं खेल विभाग के टारगेट ओलंपिक पोडियम तथा स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम का शुभारंभ भी किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिक्षा संकुल में नव निर्मित विद्या समीक्षा केन्द्र का उद्घाटन भी किया। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर इस केन्द्र का लोकार्पण किया। इस दौरान करीब 9624 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के 4010 राजकीय विद्यालयों में नव स्थापित 8020 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के 23,100 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट और कृषि, ऑटोमोबाइल, ब्यूटी एंड वैलनेस, हेल्थ केयर, अपेरल मेडअप व होम फर्निशिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर और प्लम्बर सहित 7 सेक्टरों की 75,325 कौशल सामग्री का वितरण भी किया गया।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि यह केन्द्र प्रदेश के 68,000 से अधिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 81 लाख विद्यार्थियों, 4 लाख शिक्षकों और सवा लाख कर्मचारियों के डेटा की निगरानी करेगा। यह प्लेटफ़ॉर्म राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से जुड़ा है।



*प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ पर जोधपुर में राज्य स्तरीय समारोह हुआ। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, ट्राई साइकिल, स्कूटी, कृत्रिम अंग व आयुष्मान कार्ड वितरित किए।*

- **चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा यह तो ट्रेलर है। अभी 10 हजार नियुक्तियाँ हुई हैं, मार्च-अप्रेल तक 50 हजार और होंगी।**
- **मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से शिक्षा संकुल में नवनिर्मित विद्या समीक्षा केन्द्र का उद्घाटन किया। साथ ही 9624 लाख रुपये की लागत से निर्मित 4010 राजकीय विद्यालयों में 8020 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण किया।**

## जमवारामगढ़ बार चुनाव परिणाम पर रोक

जयपुर, 12 दिसम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने दी बार एसोसिएशन, जमवारामगढ़ के शुक्रवार को होने वाले चुनाव का परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही, अदालत ने वर्तमान कार्यकारिणी को पद पर बने रहने को कहा है। वहीं, अदालत ने मामले में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सचिव और दी बार एसोसिएशन जमवारामगढ़ की चुनाव समिति को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दी बार एसोसिएशन जमवारामगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अनुराग पारीक और प्रियंका पारीक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता बार एसोसिएशन के संविधान की धारा 12 के अनुसार, एसोसिएशन के चुनाव दो साल में होते हैं। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व में जारी पत्र के अनुसार भी याचिकाकर्ता एसोसिएशन का कार्यकाल दो साल का ही है। संविधान की पालना करते हुए एसोसिएशन की ओर से गत चुनाव दिसंबर, 2023 में कराए गए थे। ऐसे में आगामी चुनाव दिसंबर, 2025 में होने हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि कुछ वकीलों ने संविधान के प्रावधानों की अवहेलना करते हुए 13 दिसंबर, 2024 को ही चुनाव कराना तय कर चुनाव संचालन समिति का भी गठन कर लिया। संचालन समिति शुक्रवार को चुनाव कराने जा रही है, जबकि यह एसोसिएशन के प्रावधानों के खिलाफ है। ऐसे में चुनाव संचालन समिति की कार्रवाई को रद्द किया जाए।

- **बार एसोसिएशन जमवारामगढ़ के अध्यक्ष की याचिका पर चुनाव समिति को नोटिस जारी।**

# देवेगौड़ा ने अपने पोते निखिल को उत्तराधिकारी घोषित किया

## निखिल केन्द्रीय मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी के पुत्र हैं

**- लक्ष्मण वैकट कुची -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी जनता दल (सैकुलर) ने वंशवादी उत्तराधिकार की योजना बनाली है और पार्टी के प्रमुख तथा पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौडा के पोते व केन्द्रीय मंत्री एच. डी. कुमारास्वामी के पुत्र निखिल कुमारास्वामी को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाएगा।

लेकिन पार्टी में इस योजना का विरोध हो रहा है। कई नेता निखिल के खराब चुनावी रिकॉर्ड का हवाला दे रहे हैं। उन्होंने तीन चुनाव लड़े और तीनों हार गए। वर्तमान में, वे जद (एस) की कर्नाटक युवा शाखा के अध्यक्ष हैं और उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाने पर गंभीर विचार विमर्श चल रहा है। इस समय केन्द्रीय मंत्री कुमारास्वामी पार्टी अध्यक्ष हैं और मंत्री के रूप में उनकी व्यस्तता को देखते हुए उनके पुत्र को पार्टी अध्यक्ष बनाने का विचार चल रहा है। जैसे तमिलनाडु में द्रमुक, और आंध्र प्रदेश में तेलुगुदेशम पार्टी, तेलंगाना में बी. आर. एस. परिवार की पार्टियां हैं, उसी तरह जद (एस) भी पारिवारिक पार्टी है, उस पर देवेगौड़ा परिवार का पूर्ण नियंत्रण है।

इस योजना का खुलासा खुद देवेगौड़ा ने किया है। लेकिन पार्टी के लोग निखिल को लेकर चिंतित हैं, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में मांड्या सीट से निर्दलीय प्रत्याशी एस. अम्बरीश से हार गए थे और 2023 में रामनगर सीट से कांग्रेस के एन. ए. इकबाल हुसैन से हार गए थे और हाल ही में उन्हें चन्नपटना सीट से कांग्रेस के सी. पी. योगेश्वर ने 25,000 वोटों से हराया।

जद (एस) की कोर कमेटी के चेयरमैन और चामुंडेश्वरी के विधायक जी. टी. देवेगौड़ा जैसे चन्द ही नेता हैं, जिन्हें नेतृत्व के लिए पार्टी का समर्थन प्राप्त है। पूर्व विधायक एस. आर. महेश का नाम भी चर्चा में था। ऐसी धारणा थी कि वंशवादी पार्टी होने के ठप्पों से पार्टी की छवि व चुनावी संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं।

जब से देवेगौड़ा ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में यह संकेत दिया है कि निखिल को जद (एस) अध्यक्ष बनाया जाएगा, तब से पार्टी में असंतोष के स्वर सुनाई दे रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि हम पार्टी की जिम्मेदारी निखिल को देंगे। उसके पास पारिवारिक पृष्ठभूमि है और राजनीति का अनुभव है।

यह तो तय है कि देर-सवेर यह बदलाव होगा। लेकिन जमीनी स्तर पर पार्टी निरन्तर कमजोर हो रही है, खासकर भाजपा से गठबंधन के बाद। भाजपा तेजी से दक्षिण भारत में अपने पैर फैला रही है। कर्नाटक में जद (एस) की कीमत पर और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक की कीमत पर।

- **एच.डी. देवगौड़ा की इस घोषणा से पार्टी में नाराज़गी है, क्योंकि निखिल आज तक एक भी चुनाव नहीं जीते हैं।**
- **दक्षिण भारत के अधिकांश राज्यों की प्रमुख पार्टियां एक परिवार विशेष की विरासत बन गई हैं। तमिलनाडू में द्रमुक, आंध्र में तेलुगुदेशम और तेलंगाना में बी.आर.एस. सिर्फ परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ा रही हैं।**

## किसी भी तरह के सर्वे, धार्मिक स्थान ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अधिनियम के तहत, विचार/सुनवाई नहीं हो सकती।

मौजूदा कार्यवाहियाँ उन याचिकाओं से उत्पन्न हुई हैं, जिनमें इस अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। इनमें भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई याचिका भी शामिल है। उपाध्याय की याचिका में दलील दी गई है कि हमलों के दौरान कथित रूप से छीन लिये गये धार्मिक स्थलों के लिये कानूनी समाधान प्राप्त करने से दुखी हिन्दुओं, जैनों, बौद्धों तथा सिक्खों को रोककर, यह एक्ट ऐतिहासिक अन्यायों को स्थायी बना रहा है।

जमीयते-उलेमा-ए हिन्द, जिसने 2022 में इन कार्यवाहियों में शामिल होने की माँग की थी, ने कहा है कि ये याचिकाएं अप्रत्यक्ष रूप से इस्लामिक धार्मिक स्थलों को निशाना बना रही हैं। अन्य याचिकाएं, जिसमें विश्व भद्र पुजारी पुरोहित महासंघ की याचिका भी शामिल है, अन्य कई याचिकाओं के साथ, इसी मामले में दायर की गई हैं।

इस केस का नतीजा विभिन्न विवादित स्थलों से सम्बन्धित विवादों को प्रभावित कर सकता है, जिनमें शामिल है- वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद, संभल की शाही जामा मस्जिद तथा राजस्थान में अजमेर की दरगाह। इन धार्मिक स्थलों एवं सम्पत्तियों पर हिन्दुओं ने अपना अधिकार माँगा है तथा कहा है कि ये धार्मिक स्थल मन्दिरों पर बनाये गये हैं।

मुस्लिम पक्षों ने इन मुकदमों का विरोध किया है तथा पूजा स्थल अधिनियम का हवाला देते हुये, इन मुकदमों को जारी रखे जाने को चुनौती ही है।

## केजरीवाल के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यही समय है कि ए. आई. सी. सी. उनकी नियुक्ति को तार्किक आधार पर देखे और समझे की दोहरी जिम्मेवारी से पार्टी को लाभ नहीं होगा।

## सिंधिया से माफी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर किसी को भी किसी अन्य पर कोई टीका टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

बुधवार को जब बनर्जी आपदा प्रबंधन अधिनियम के संशोधन पर चल रही चर्चा में भाग ले रहे थे तब तृणमूल कोविड-19 के दौरान केन्द्र सरकार पर असहयोग आरोप लगाया। जिसका भाजपा सांसद नित्यानंद राय ने विरोध किया।

उन्होंने बंगाल सरकार पर आरोप लगाया कि उसने कोविड वैक्सीन के परिवहन में बाधा डाली थी। इस पर सिंधिया भी उठे और बोले, जिसका बनर्जी ने सिंधिया पर निशाना साधा और कुछ ऐसी टिप्पणियां की जिन्हें स्पीकर ने सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। बाद में हुए होहल्ले के बाद सदन स्थगित कर दिया गया। बुधवार को ही शाम को सदन की बैठक फिर से हुई तो बनर्जी ने माफी मांगी पर सिंधिया ने माफी स्वीकार करने से मना कर दिया था।

## आदर्श क्रेडिट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कर चुकी है। ई.डी. मामले में एस.ओ.जी. की ओर से दर्ज धोखाधड़ी से संबंधित रिपोर्ट के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है।



*भारत ने वर्ल्ड चैस चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। भारत के शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को 14वीं और अंतिम बाजी में हराया और वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गुकेश विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले पहले भारतीय भी बन गए हैं।*

## प्रदेश की बार एसोसिएशनों के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जगह-जगह सी.सी.टी.वी. कैमरे और स्क्रीन लगाई गई हैं। इसके अलावा, मतदान के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा।

महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशियों- राजेश महर्षि, महेन्द्र शांडिल्य, संगीता शर्मा, इन्द्रेश शर्मा व राजीव सोगरवाल के बीच मुकाबला है, जबकि महासचिव पद पर सात प्रत्याशी रमित पारीक, अशोक कुमार यादव, अंकित सेठी, निशांत शर्मा, दीपेश शर्मा, डॉ. रामरूप मीना व शिवराज सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।

इसी तरह अन्य पदों के लिए भी उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहेगा। इसी तरह दी बार एसोसिएशन, जयपुर में भी सुबह आठ से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी राम मनोहर शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर 6 प्रत्याशी -संदीप लुहाडिया, सोमेश चन्द्र शर्मा, राजेश चौधरी, सुरेन्द्र सिंह राजावत, रजनीश गौड़ व प्रमोद कुमार शर्मा चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह महासचिव पद पर 9 प्रत्याशी- मनीष गगरानी माहेश्वरी, अर्जुन राजपुरोहित, पुष्पेन्द्र कुमार भारद्वाज, बिन्दिया शर्मा, गोविन्द सिंह चूडावत, पंकज शर्मा पचलंगिया, कुलभूषण गौड, जयराम सिंह व उमेश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं।

## अभी 5 दिन और चलेगी शीतलहर

नई दिल्ली,12 दिसंबर। दिल्ली एनसीआर और देश के अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में शीत लहर का प्रकोप बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 5 दिनों तक इन राज्यों में शीत लहर जारी रहेगी। मौसम विभाग ने कहा "अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है।"

## ‘भारत में प्रदूषण से 2009-2019...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

फॉर क्रॉनिक डिज़ीज कंट्रोल के शोधकर्ता भी शामिल हैं, ने पाया कि भारत की 1.4 बिलियन आबादी पी.एम. 2.5 के स्तर के संपर्क में बनी हुई है। वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा अनुशंसित वार्षिक औसत प्रति क्यूबिक मीटर वार्षिक औसत से अधिक है।

टीम ने यह भी पाया कि भारत की लगभग 82 प्रतिशत आबादी, या 1.1 बिलियन लोग ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां का पी. एम. 2. 5 स्तर का वार्षिक औसत इंडियन नैशनल एम्बिएंट द्वारा अनुशासित 40 माक्रॉन्स प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक है।

दिल्ली और एन. सी. आर. को विश्व का सबसे प्रदूषित क्षेत्र माना जाता है, ऐसे में, "दिल्ली की 21-सूत्रीय शीतकालीन कार्य योजना" नामक कार्यक्रम के तहत नए कदम उठाए गए। ड्रोन के माध्यम से, सघन आबादी वाले उन क्षेत्रों में सघन प्रदूषण वाले एरिया पर फुहारों की बौछार करने संबंधी पायलट प्रदूषण प्रोजैक्ट भी हैं, जहां ट्रक जैसे पारंपरिक यातायात के साधनों द्वारा नहीं पहुंचा जा सकता।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, जहां, ड्रोन के उपयोग की वकालत करते आए हैं, वहीं, मूल्यांकन में शामिल अधिकारी इस प्रस्ताव के पक्ष में नहीं हैं। इन लोगों का कहना है कि ड्रोन टैक्नोलॉजी बहुत अधिक महंगी है तथा वर्तमान तरीकों के मुकाबले इनसे कोई खास प्रगति नहीं होती है।

इस बीच, लैन्सैट अध्ययन में पाया गया कि सर्वे वाले पीरियड में पी.एम.2.5 पोल्यूशन 10 माइक्रॉन्स प्रति क्यूबिक मीटर की दर से बढ़ा। इसका संबंध, प्रति वर्ष 8.6 प्रतिशत ऊंची मृत्यु दर से पाया गया।

अध्ययन में, 2009 से 2019 की अवधि में प्रति वर्ष हुई मौतों पर फोकस किया गया, जिसका डेटा सिविल रैजिस्ट्रेशन सिस्टम से लिया गया। पी.एम. 2.5 सघनता का डेटा सैटलाइट तथा तकरीबन एक हजार ग्राउण्ड मॉनिटरिंग स्टेशन्स से लिया गया। यह भी पाया गया कि सभी सालों में पी.एम. 2.5 का विस्तृत एक्सपोज़र था। इसका न्यूमतम स्तर अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले में तथा उच्चतम स्तर गाज़ियाबाद व दिल्ली में पाया गया।

- **अशोका युनिवर्सिटी और नई दिल्ली के सैन्टर फॉर क्रॉनिक डिज़ीज कंट्रोल सैंटर के शोधकर्ताओं ने शोध में यह भी पाया कि भारत की 1.4 अरब आबादी लगातार पी.एम. 2.5 स्तर के वायु प्रदूषण के सम्पर्क में रहती है, जो कि वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा अनुशंसित 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक है।**
- **रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली ओर गाज़ियाबाद में वायु प्रदषण का स्तर सर्वाधिक है, वहीं, अरूणाचल प्रदेश के सुबनसिरी में सबसे कम है। दिल्ली एन.सी.आर. और गाज़ियाबाद विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र हैं।**




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908